भोपाल, गुरुवार
06
मार्च 2025

दैनिक मध्य स्वर्णिम

सच्ची ख़बर, सबकी ख़बर...

वर्ष - 12 अंक-189 पृष्ठ-08 मूल्य-₹02

यह क्यूआर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर...
Scan QR Code to Read ePaper
www.madhyaswarnim.com

## @ख़बर संक्षेप

### औरंगजेब को आदर्श मानने वाले विधायक को यूपी भेजिए: योगी

**लखनऊ(मध्य स्वर्णिम)।** मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि सपा के लोगों के लिए औरंगजेब गर्व का विषय है जिसने अपने पिता को कैद कर उन्हें पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया था। उन्होंने कहा कि सपा का अपने विधायकों पर नियंत्रण नहीं है। उन्होंने अबू आजमी का नाम लिए बिना कहा कि सपा को उसे पार्टी से निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा को उस नेता के बयान का खंडन करना चाहिए और पार्टी से निकाल देना चाहिए। नहीं तो उसे यहां बुलाइये। हम उसका इलाज कर



देंगे। यूपी ऐसे लोगों का उपचार अच्छे से करता है। ये लोग महाकुंभ को कोसते हैं और औरंगजेब पर गर्व करते हैं। उसे यूपी भेज दीजिए हम इलाज कर देंगे। बता दें कि अबू आजमी ने बयान दिया था कि वह औरंगजेब पर गर्व करते हैं।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये उन लोगों को जवाब है जो कि जल के प्रदूषण और अन्य तमाम छोटी खबरों को लेकर आयोजन पर सवाल उठा रहे थे और दुष्प्रचार कर रहे थे। देश की जनता के लिए गंगा सबसे पवित्र है और विज्ञान कहता है कि बहता हुआ जल खुद को पवित्र करता रहता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि महाकुंभ में जैसी जिसकी दृष्टि थी वैसा ही उसने वहां देखा। सनातन के मानने वालों के लिए महाकुंभ एक गर्व का विषय है जो कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश देता है।महाकुंभ के आयोजन के दौरान काशी और अयोध्या में भी पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ गई। इस दौरान इन नगरों के स्थानीय लोगों ने अभूतपूर्व धैर्य का परिचय दिया साथ ही उनका आतिथ्य सत्कार भी किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्था को आजीविका से जोड़ा है।

### राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर गुजरात जाएंगे

**नई दिल्ली(मध्य स्वर्णिम)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 7 और 8 मार्च को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अहमदाबाद में पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। राहुल गांधी का यह दौरा आगामी 2027 के गुजरात



विधानसभा चुनावों की तैयारियों को मजबूती देने के लिए हो रहा है। वे पार्टी संगठन को पुनर्गठित करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर जोर देंगे। इसके अलावा, वे कांग्रेस के प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका मनोबल बढ़ाएंगे। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले राहुल गांधी का दौरा यह संकेत देता है कि पार्टी गुजरात चुनावों को लेकर गंभीर है और रणनीति में बदलाव की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 7-8 मार्च को गुजरात के सूरत और नवसारी जिलों के दौरे पर रहेंगे, जिससे प्रदेश में राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है। कांग्रेस और बीजेपी, दोनों ही आगामी चुनावों को लेकर अपनी रणनीति को धार देने में जुटी हैं।

# मप्र की 7 नदियों को जोड़ने का मेगा प्लान तैयार

## केन-बेतवा, पार्वती-काली सिंध और ताप्ती-कान्हन के बाद प्रदेश की नदियों का मिलन होगा

मध्य स्वर्णिम Exclusive



ऋषिकांत सिंह (रजत) परिहार
मो. : 09425002527

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार को नदियों को जोड़ने का अटलजी के सपने को पूरा करने यश मिला है। मध्यप्रदेश पूरे हिन्दुस्तान में ऐसा पहला राज्य है, जिसने एक नहीं तीन-तीन बड़े नदी जोड़ो परियोजना को शुरू कर दिया है। केन-बेतवा परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कराने के बाद उत्साहित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की नदियों को भी आपस में जोड़ने का संकल्प लिया था। अब उनके संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में जल संसाधन विभाग दो कदम आगे निकल गया है। विभाग ने प्रदेश को सात बड़ी नदियों के इंटर लिंकिंग की योजना तैयार कर ली है। इस योजना की सबसे बड़ी बात यह है कि प्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा को इस योजना से दूर रखा गया है। उच्च अधिकारियों का मानना कि नर्मदा नदी पर बहुत सारे प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिससे वैसे ही नर्मदा की जल राशि पर अतिरिक्त दबाव है। लिहाजा इन परियोजनाओं को तैयार करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि प्रदेश



के सम्पूर्ण भू-भाग को नदी जोड़ो परियोजना का पूरा लाभ मिल पाए। डॉ. मोहन यादव का मानना है कि कृषि उत्पादकता, आर्थिक अस्थिरता, आर्थिक-सामाजिक असमानता, पलायन जैसी समस्याओं का मुख्य कारण पानी की कमी ही है। नदी-जोड़ने की अवधारणा ही इस समस्या का हल है।इसी के तहत अब कान्ह-गंभीर नदी लिंक (30.15 किमी), कालीसिंध-चम्बल नदी लिंक (73 किमी), केन-मन्दाकिनी नदी लिंक (110 किमी), शक्कर-पेंच नदी लिंक (59 किमी ), दुधी-तामिया नदी लिंक(61 किमी ), जामनेर-नेवन नदी लिंक (21 किमी), नेवन-बीना नदी लिंक (8.30 किमी) की इन सात परियोजना की शुरुआत भी जल्द ही होगी। मध्य स्वर्णिम को मिली जानकारी के मुताबिक़ इस सातों परियोजना के पूर्ण होने पर 2 लाख 7 हजार हेक्टेयर जमीन और सिंचित हो जाएगी। साथ ही जिन जिलों को शामिल किया गया है, जैसे उज्जैन, राजगढ़, मंदसौर, पन्ना, सतना, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, रायसेन में जल स्तर भी बढ़ेगा। इसके अलावा, यह 40 लाख लोगों की आबादी को पीने का पानी उपलब्ध कराएगी। मध्यप्रदेश के लिए नदी जोड़ो परियोजनाएं इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह नदियों का मायका है। नर्मदा, ताप्ती, सोन और चंबल जैसी बड़ी और प्रमुख नदियों का उद्गम स्थल है। इन नदी लिंकों के सफल होने से पूरे भारत में सतत जल प्रबंधन का एक नया अध्याय लिखा जा सकता है।

### अटल स्वप्न को पूरा करते मोदी और मोहन

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 28 वर्ष पहले 1996 में नदी जोड़ने पर विचार किया। वर्ष 2002 में परियोजना को गति मिली। दो निकायों राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना की स्थापना की गई। अटल जी का विजन था- 'बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों से अधिशेष पानी को, पानी की कमी वाले क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा सकता है। इससे पीने, सिंचाई और उद्योग के लिए पानी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। 'नदी जोड़ो परियोजना' (आइएलआर) उसी विजन का मिशन स्वरूप था। लेकिन यूपीए-1 और यूपीए-2 सरकार आई। उस दौरान आइएलआर ने गति नहीं पकड़ी। भाजपा की सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल 2014 में ट्वीट करके 'नदियों को जोड़ने' का अटलजी का सपना पूरा करने का वादा किया। 10 वर्ष के दौरान यह वादा जमीन पर उतरते दिख रहा है।

# प्रदेश का स्टार्ट-अप इको सिस्टम हुआ ग्लोबल: डॉ. मोहन यादव

## मध्यप्रदेश में इस समय 4,900 से अधिक स्टार्ट-अप संचालित हो रहे




मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीआईएस-भोपाल में देश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न पर काम करते हुए मध्यप्रदेश भी तेजी के साथ एक मजबूत स्टार्ट-अप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए युवा उद्यमियों की आकांक्षाओं के अनुकूल स्टार्ट-अप कल्चर को विकसित करने की दिशा में प्रभावी रणनीति अपना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास मध्यप्रदेश को 'स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र' बनाना है, जहां युवा उद्यमियों के आइडियाज को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले। जीआईएस-भोपाल में आयोजित 'फ्यूचर-फ्रंटियर: स्टार्ट-अप पिचिंग' सेशन नें प्रदेश के स्टार्ट-अप्स इकोसिस्टम को पंख दे कर ग्लोबल बना दिया है। आधुनिक तकनीक के इस युग में देश के स्टार्ट-अप जगत में मध्यप्रदेश बहुत तेजी से अपनी उपस्थिति दर्ज चुका है। जीआईएस-भोपाल में 20 से अधिक यूनिकॉर्न के संस्थापकों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है। स्टार्ट-अप पर फोकस्ड सेशन 'फ्यूचर-फ्रंटियर: स्टार्ट-अप पिचिंग' में शामिल होने के लिए कुल 180 स्टार्ट-अप्स ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 25 हाईली पोटेंशियल स्टार्ट-अप्स ने प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों के विश्लेषण के बाद उन्हें जरूरी मार्गदर्शन और निवेश के अवसर भी मिले। इस सेशन में कुल 47 स्टार्ट-अप शामिल हुए थे। इनमें से 19 स्टार्ट-अप्स को एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट प्राप्त हुए।

### माधव नेशनल पार्क 9वां बाघ संरक्षित क्षेत्र

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत में टाइगर स्टेट का दर्जा हासिल कर चुके मध्यप्रदेश को जल्द ही एक नए टाइगर रिजर्व पार्क की सौगात मिलने जा रही है। शिवपुरी जिले का माधव नेशनल पार्क प्रदेश का 9वां बाघ संरक्षित क्षेत्र होगा, जो चंबल क्षेत्र में वन्य जीव प्रेमियों के लिए पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं बाघों का एक जोड़ा माधव नेशनल पार्क में छोड़ेंगे। चंबल रेंज में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि से स्थानीय युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। एशिया में पहली बार चीते भी चंबल के कूनो नेशनल पार्क में दिखाई दे रहे हैं। चंबल नदी क्षेत्र में घड़ियाल एवं डॉल्फिन प्रोजेक्ट पर भी कार्य चल रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि देश में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश में हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक मध्यप्रदेश आते हैं। बाघ संरक्षित क्षेत्र में जंगल सफारी का आनंद लेने के लिए सभी नेशनल पार्कों में सीजन भर पर्यटकों का आवागमन रहता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में बाघों की संख्या और उनके संरक्षण से प्राप्त उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित प्रदेशवासियों को बधाई दी।

# सोनप्रयाग से केदारनाथ तक बनेगा रोपवे



मध्य स्वर्णिम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम की पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी के बीच भी 12.4 किमी लंबा रोपवे बनेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। फैसले की जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा, 'इस परियोजना का बड़ा फायदा यह होगा कि जिस यात्रा में वर्तमान में 8-9 घंटे लगते हैं, इसके बनने के बाद घटकर 36 मिनट की हो जाएगी...इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।' केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केदारनाथ रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी। इस रोपवे परियोजना पर करीब 4,081 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस रोपवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा।

रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित है। जिसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगा। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफएंडबी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगी।रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में अंतिम मील संपर्क को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

@POLYTOON




## स्थानीय निकायों को आय में वृद्धि पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** प्रदेश में नगरीय निकायों को अपनी आय में वृद्धि करने के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी विभिन्न बैठकों में नगर निगम महापौर और स्थानीय निकायों के अध्यक्षों को अपनी निकायों को आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर बनाने के लिये निर्देश दिये हैं। इस वर्ष राजस्व आय में श्रेष्ठ कार्य करने वाली स्थानीय निकायों को पुरस्कृत करने के ?लिये विभागीय बजट में 29 करोड़ 4 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है।प्रोत्साहन योजना में आय में वृद्धि करने वाली नगरीय निकायों को पिछले 2 वित्तीय वर्षों में राजस्व और गैर राजस्व आय में हुई वृद्धि के प्रतिशत के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। नगरीय निकायों को संपत्ति कर, समेकित कर, नगरीय विकास उप कर एवं शिक्षा उप कर से प्रमुख रूप से आय होती है। इसके अलावा नगरीय निकायों को जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार, भूमि भवन



किराया, बिल्डिंग परमिशन फीस से भी आय होती है।विभाग ने नगरीय निकायों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि उनकी आबादी के हिसाब से निर्धारित की है। प्रदेश के ऐसे नगर पालिक निगम, जिनकी जनसंख्या 5 लाख से अधिक है, उन्हें प्रथम स्थान पर रहने पर 4 करोड़, द्वितीय पर 2 करोड़ 50 लाख और तृतीय स्थान पाने पर 1 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप दी जायेगी। प्रदेश के जिन नगर पालिक निगम की जनसंख्या 5 लाख से कम है, उन्हें प्रथम स्थान पर आने पर 3 करोड़ रूपये, द्वितीय पर 2 करोड़ रूपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर एक करोड़ रूपये की राशि दी जायेगी।

## 3 जुलाई से शुरू होगी पवित्र अमरनाथ यात्रा

मध्य स्वर्णिम

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की 48वीं बोर्ड बैठक में इसका निर्णय लिया गया। प्रवक्ता ने बताया, 'इस साल यात्रा तीन जुलाई को दोनों मार्गों- अनंतनाग जिले में पहलगाम ट्रैक और गंदेरबल जिले में बालटाल से एक साथ शुरू होगी और रक्षाबंधन के दिन नौ अगस्त को इसका समापन होगा।' उन्होंने



बताया कि बैठक में तीर्थ बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया, जिन्होंने श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों और हस्तक्षेपों का प्रस्ताव रखा। प्रवक्ता ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बैठक में जम्मू, श्रीनगर और अन्य स्थानों पर केंद्रों पर ठहरने की क्षमता बढ़ाने, ई-केवाईसी के लिए यात्री सुविधा केंद्रों का संचालन, आरएफआईडी कार्ड जारी करने, नौगाम और कटरा रेलवे स्टेशनों सहित कई स्थानों पर तीर्थयात्रियों का मौके पर पंजीकरण करने के उपायों पर चर्चा की गई।उन्होंने कहा कि इस बात पर भी चर्चा की गई कि आवश्यकता के अनुसार बालटाल, पहलगाम, नुनवान और पंथा चौक श्रीनगर में भी इन सुविधाओं को उपयुक्त रूप से बढ़ाया जाना चाहिए। संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपराज्यपाल ने यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त व्यवस्था और अपेक्षित सुविधाएं सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## Tबुरा न मानों TRENDING है...

### और बढ़ गई मंत्री जी की चिंता...

मध्य प्रदेश के एक कद्दावर मंत्री इन दिनों खासे चिंतित है। जमीन के मामले में बताया जाता है कि पीएमओ ने भी संज्ञान ले लिया है। मंत्री जी अब अपने बचाव में भाईसाहब की शरण में पहुंच चुके है। इतना ही नहीं मंत्री जी अदृश्य शिकायतकर्ता को लेकर भी खासे चिंतित है। बताया जाता है कि लंबे समय से फरियादी बेपता है। जिसको लेकर भी मंत्री जी धड़कने बढ़ी हुई हैं। न्यायालय ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। अब यह देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि भाईसाहब मंत्री जी की मदद कैसे कर पाते हैं। यदि मामले ने तूल पकड़ा तो मंत्री जी को अपनी कुर्सी भी गवानी पड़ सकती है। अय्यार का कहना है कि फिलहाल मंत्री जी को प्रतिक्रिया व्यक्त करने से मना किया हुआ है।

● अय्यार


**आयोजन** | 10 मार्च से शुरू हो रहा मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र रहेगा हंगामेदार

# बजट सत्र को लेकर तैयार हुआ सत्ता और विपक्ष

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 10 मार्च से बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मोबाइल नंबर जारी कर लोगों से अपील की है कि यदि अपराधों और भ्रष्टाचार के मामले में उनके पास कोई सबूत है तो वह भेजें, ताकि इसे विधानसभा के पटल पर उठाए जा सके।

जानकारी के लिए बतादें कि यह सत्र 14 दिनों का होगा, जिसमे कुल 9 बैठकें होगी। तो वहीं कांग्रेस ने बजट सत्र से पहले 9 मार्च को बैठक बुलाई है। जिसमे पार्टी के सभी दिग्गज नेता शामिल होगें। यह बैठक भोपाल के अशोका होटल में होगी, जहां पर कांग्रेस के दिग्गज विधानसभा का घेराव करने की



रणनीति तैयार करेंगे। साथी अलग-अलग रणनीति पर चर्चा की जाएगी। होने वाली बैठक में एमपी कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी भी शमिल होंगे और विधानसभा में रखे जाने वाले मुद्दों को लेकर चर्चा करेंगे। बजट से पहले होने वाली यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। 9 दिन तक होनी वाली इस बैठक में कांग्रेस किसानों, रोजगार, महंगाई, कर्ज, करप्शन, लाड़ली बहना सहित अन्य मुद्दों को उठाएगी। इसके साथ ही संभावना जताई जा रही है कि मध्य प्रदेश का बजट 12 मार्च को पेश किया जा सकता है। बजट सत्र को लेकर विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील की है कि यदि उनके पास भ्रष्टाचार के संबंध में कोई सबूत है तो वे मोबाइल नंबर 8269889419 पर संपर्क कर भेज सकते हैं।

### विधायकों ने लगाए 2900 प्रश्न , ऑनलाइन अधिक

मोहन यादव सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 12 मार्च को विधानसभा में पेश करेगी। इस बार का बजट चार लाख करोड़ से अधिक का होने का अनुमान है। सरकार ने बजट की तैयारियों पर तेजी से काम शुरू कर दिया है।विधानसभा सत्र की शुरुआत में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने अपने-अपने मुद्दों को सरकार के सामने रखने के लिए तैयारी पूरी कर ली है। इस बार विधायक सदन में सवालों का जवाब पूछने के लिए एक नई रणनीति अपना रहे हैं। उन्होंने इस बार 2900 सवाल विधानसभा में उठाए हैं। इनमें से 1750 से ज्यादा सवाल ऑनलाइन और करीब 1150 सवाल ऑफलाइन हैं। ये सवाल विभिन्न विभागों से संबंधित हैं, जिनका जवाब विधायकों को पहले ही भेजा जा रहा है। बजट सत्र में सरकार उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के लिए विशेष प्रावधान कर सकती है।

## प्रहलाद पटेल के बयान के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**भोपाल।** पंचायत मंत्री प्रह्लाद पटेल के 'भिखारी' वाले बयान को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस इस बयान के विरोध में प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करने की तैयारी में है।कांग्रेस के प्रवक्ता और सागर जिले के मीडिया प्रभारी भूपेंद्र गुप्ता ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए



कहा कि भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में प्रदेश को बदहाली, असुरक्षा और अपमान के गर्त में धकेल दिया है। अब तो हालत यह हो गई है कि जनता को भगवान बताकर वोट बटोरने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को भिखारी बता रही है।कांग्रेस ने मंत्री प्रह्लाद पटेल के बयान के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। 6 मार्च 2025 को प्रदेशभर में ब्लॉक स्तर पर मंत्री प्रह्लाद पटेल का पुतला दहन किया जाएगा, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों सहित मंडलम और सेक्टर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। 8 मार्च को कांग्रेस के जिला प्रभारी-सहप्रभारी, विधानसभा प्रत्याशियों एवं अन्य कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में जिला मुख्यालयों पर धरना देकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा और मंत्री प्रह्लाद पटेल के इस्तीफे की मांग की जाएगी।10 मार्च को प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में भोपाल में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### बडकुही हास्पिटल में सीआईएसएफ ने लगाया रक्तदान शिविर




**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड के बडकुही चिकित्सालय में सीआईएसएफ ने बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में 23 यूनिट रक्तदान किया गया। जिला ब्लड बैंक से स्टाफ बडकुही चिकित्सालय पहुंचा। कैंप में पांच बजे तक जवानों ने रक्तदान किया। दस मार्च को सीआईएसएफ का स्थापना दिवस आयोजित होगा। उसी के चलते आज रक्तदान शिविर लगाया गया।
सुबह वरिष्ठ कमांडेट गुरजीत सिंह, डीसी डीसी अंकित दुबे, एसी सुशील कुमार तिवारी, पराग जैन इंस्पेक्टर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बल सदस्यों की मौजूदगी में शिविर को प्रारंभ किया। इस दौरान सदस्यों को रक्तदान के महत्व की जानकारी दी गई। 23 जवानों ने रक्तदान किया। एक महिने पहले भी सीआईएसएफ ने रक्तदान शिविर लगाया था। बडकुही अस्पताल का स्टाफ भी इस दौरान उपस्थित रहा। गौरतलब है कि सीआईएसएफ की स्थापना 10 मार्च 1969 को हुई थी। तीन से दस मार्च तक स्थापना दिवस सप्ताह सीआईएसएफ द्वारा मनाया जा रहा है।

### अधिवक्ता पर तीन लोगों ने राड डंडे से किया हमला



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** गांधी मोहल्ला परासिया में मंगलवार की रात अधिवक्ता सिद्धार्थ श्रीवास्तव पर हमला किया गया। हमला तीन लोगों ने किया। युवक मुंह बांधकर राड और डंडा लेकर आए थे। इनमें से एक व्यक्ति को पकड लिया गया। पुलिस ने तीन आरोपियों को पकडा। तीनों को एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। यहां से इन्हें जेल भेज दिया गया। अधिवक्ता सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि रात में वे अपने काम से जा रहे थे। स्टेशन रोड से गांधी मोहल्ला जाने वाले मार्ग पर उनके साथ मारपीट करने तीन नकाबपोश युवक आए। अज्ञात कारणों से उन पर जानलेवा हमला किया गया। इनमें से एक व्यकित को पकड लिया गया। पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। अधिवक्ता संघ ने निर्णय लिया कि इस मामले में किसी प्रकार की पैरवी नहीं की जाएगी न जमानत दी जाएगी। एसडीएम न्यायालय से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं पर हमले के लगातार मामले हो रहे है। ऐसे मामलों में आरोपियों पर कडी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### परासिया पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** परासिया पुलिस ने क्षेत्र में कानून और शांती व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया। परासिया अनुभाग के सभी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। एसपी अजय पांडे के निर्देशन में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया।' फ्लैग मार्च अनुविभागीय अधिकारी पुलिस परासिया जितेंद्र जाट के नेतृत्व में थाना प्रभारी परासिया, चादामेटा, चौकी प्रभारी न्यूटन, बड़कुई एवं अन्य पुलिस बल के अधिकारियों व जवानों द्वारा किया गया। फ्लैग मार्च परासिया एवं चादामेटा नगर सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति का माहौल बना रहे तथा जनमानस में विश्वास कायम हो।

# पांच उपस्वास्थ्य केंद्र के भवनों के भूमिपूजन का विधायक ने किया विरोध

## सांसद पर राजनीतिक लाभ के लिए भूमिपूजन कराने का आरोप लगाया



मध्य स्वर्णिम

**परासिया।** परासिया विधानसभा में पांच नए उप स्वास्थ्य केंद्रां के भवन निर्माण के लिए छह मार्च को सांसद भूमिपूजन करेंगे। इस भूमिपूजन कार्यक्रम को लेकर परासिया विधायक सोहन बाल्मिक ने विरोध किया है। बुधवार को शाम सात बजे उन्होंने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए उनकी सहमति नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि सांसद अपने राजनीतिक लाभ के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाकर भूमिपूजन करा रहे है। जबकि इनका भूमिपूजन पहले हो चुका है और काम भी प्रारंभ हो गया है।

विधायक सोहन बाल्मिक ने कहा कि ग्राम झुर्रेमाल, सेतपरास पटपड़ा, खजरीअन्तू, और डुंगरिया में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई थी। ग्राम झुर्रेमाल एवं सेतपरास में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्व में ही किया जा चुका है। पटपड़ा व डुंगरिया में भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जा चुका है। ग्राम खजरीअन्तू में भवन निर्माण हेतु चयनित स्थल में जमीनी विवाद है।

सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भूमि पूजन कार्यक्रम पूर्व में ही हो चुका है और स्वीकृत उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुके है। उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भूमिपूजन के संबंध में बीएमओ ने जानकारी दी कि झुर्रेमाल, सेतपरास पटपड़ा, खजरीअन्तू, और डुंगरिया में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन सांसद विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में किया जा रहा है।

जबकि इन सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम पूर्व में ही सम्पन्न हो चुका है, फिर भी अधिकारियों द्वारा जिले के सांसद के मुख्य आतिथ्य में दोबारा भूमिपूजन कराया जा रहा है। इन सभी ग्रामों में उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति शासन द्वारा पूर्व में प्रदान की गई थी। स्वीकृति में सांसद का कोई योगदान नहीं है । ना ही स्वीकृति हेतु उनके द्वारा कोई प्रयास किए गये है। उनकी स्वयं की कोई उपलब्धि नहीं है, वे सिर्फ अधिकारियों पर दबाव बनाकर कार्यक्रम करा रहे है ।

जिलाध्यक्ष छिंदवाड़ा व अन्य विभागीय अधिकारी भी उनके दबाव में आकर कार्य कर रहे है। क्योकि उनके द्वारा जिले के और भी भूमिपूजन व अन्य कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रनिधि होने के नाते भी न तो हमारी सहमति ली जाती है और न हमसे पूछा जाता है। सिर्फ एक व्यक्ति के कहने पर उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है। राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए शासन पर दबाव बनाया जा रहा है । विधायक ने कहा कि वे इसका सख्त विरोध करते है। उन्होंने ऐसे मामलों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी।

# पुलिस लाईन मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

## त्रिशूल लेकर नाचे भक्त, प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली



**परासिया।** पुलिस लाईन के मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव बुधवार से शुरू हुआ। मंदिर से दोपहर डेढ बजे कलश यात्रा के साथ प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुरू गोविंद सिंह चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंची। शाम पांच बजे से मंदिर में पूजन प्रारंभ किया गया।

गुरुवार को विभिन्न अधिवास होंगे। शुक्रवार को कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट, थाना प्रभारी जगोतिन मसराम के सहयोग से कार्यक्रम आयोजि किया जा रहा है। पुलिस लाईन के मंदिर का हाल ही में जीर्णोद्वार किया गया है। मुख्य यजमान विपिन चंद्र पांडे, अजय द्विवेदी है। एसआई नरेंद्र तिवारी ने बताया कि मंदिर में हनुमान लला पहले से विराजमान है। भगवान भोलेनाथ और शिव परिवार की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इसके साथ ही एक विशाला त्रिशूल भी मंदिर में लगाया जा रहा है।

पुजारी उमेश तिवारी प्राण प्रतिष्ठा करवा रहे है।

कलश यात्रा में बडी संख्या में महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। एक जैसे वस्त्रों में महिलाएं थी। त्रिशूल लेकर भक्त नाचते चल रहे थे। एक वाहन में प्रतिमाओं को रखा गया था। ढोल नगाडों के से साथ प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई।

# मंत्री पहलाद पटेल के बयान पर कांग्रेस 8 मार्च को करेंगे प्रदर्शन




मध्य स्वर्णिम

**रायसेन।** मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल के बयान पर कांग्रेस हमलावर हो गई है। मंत्री ने जनता की मांगों को भीख का कटोरा बताया था। रायसेन जिले के कांग्रेस प्रभारी शैलेंद्र पटेल, सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बुधवार को प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला। शैलेंद्र पटेल ने कहा कि जिस जनता के वोट से मंत्री पद मिला, उसी की मांगों को भीख बताना शर्मनाक है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा सरकार ने चुनावी वादे पूरे नहीं किए। न तो लाडली बहना योजना की राशि बढ़ाई और न ही शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था में सुधार किया।

# हितग्राहियों को समय से मिले योजनाओं का लाभः कलेक्टर

## कलेक्टर ने योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर दो अधिकारियों को दिया नोटिस




मध्य स्वर्णिम

**रायसेन।** कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला परामर्शदात्री समिति डीसीसी और जिला निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न विभागों की स्वरोजगारमूलक योजनाओं, केसीसी कार्ड सहित अन्य शासकीय योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य, अभी तक स्वीकृत प्रकरणों, बैंक शाखाओं में लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई।

उन्होंने अधिकारियों तथा बैंक शाखाओं के प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ नागरिकों को समय पर मिले, जिससे वह स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनें। स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित ना रहें। प्रकरण प्राप्त होने ही नियमानुसार स्वीकृति की कार्यवाही की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने आदिवासी वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध बैंकों में विलम्ब से प्रकरण प्रस्तुत करने पर आदिवासी वित्त एवं विकास निगम की क्षेत्र अधिकारी श्रीमती शशिलता प्रभाकर को कड़ी फटकार लगाई तथा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक एसडी नागले को बैंक प्रकरणों के निराकरण पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विकासखण्डवार स्व.सहायता समूहों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक वितरण ऋण राशि की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से मयंक सेमवाल, नाबार्ड भोपाल से दीपक पाटिल तथा एलडीएम एचएस सोनी सहित जिला अधिकारी और बैंकों के नोडल अधिकारी मौजूद थे।

# शिवपुरी में बीएमएस का क्रमिक अनशन खत्म

## प्रबंधन से बैठक के बाद बनी सहमति, दूध पिलाकर खत्म कराया अनशन




मध्य स्वर्णिम

**परासिया।** वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड पेंच एरिया के शिवपुरी में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ बीएमएस का क्रमिक अनशन बुधवार को खत्म हो गयां प्रबंधन के साथ वार्ता में बनी सहमति के बाद प्रबंधन के अधिकारी और बीएमएस के प्रतिनिधि अनशन स्थल पर पहुंचे और अनशन पर बैठे कामगारों को दूध पिलाकर शाम पांच बजे अनशन खत्म कराया।

इससे पहले सुबह नीतेश पाल और प्रताप सिंह अनशन पर बैठे। बीएमएस के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने माला पहनाकर तिलक लगाकर अनशन पर इन्हें बैठाया। दोपहर मं प्रबंधन ने बीएमएस के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। वार्ता में बीएमएस के महामंत्री तेजप्रताप शाही शमिल हुए। प्रबंधन ने मांग पत्र पर अपनी सहमति दी। कुछ मांगों के लिए एक सप्ताह का समय मांगां। शिवपुरी सब एरिया में पानी सप्लाई के लिए एक अतिरिक्त पंप रखने पर प्रबंधन ने सहमति व्यक्त की। इसके बाद सब एरिया मैनेजर सुनील कुमार राकेश, लेबर आफिसर सुभाष अटेला, प्रबंधक मधुसूदन भाटे बीएमएस के कार्यकारी अयक्ष कुंवर सिंह, संयुक्त महामंत्री संजय बावरिया, जेसीसी मेंबर मनोज राय, एरिया टीएएससी अरविंद माहोरे, विष्णुपुरी टू के अध्यक्ष प्रदीप ठाकरे, सतीश राय, शैलंद्र सूर्यवंशी अनिल यादव, शिवनारायण, प्रमोद बामनिया, राजकुमार भावरकर, शिव राय, मनोज यदुवंशी, देवानंद साहनी आदि ने अनशन पर बैठे कामगारों को दूध पिलाकर अनशन खत्म कराया।

# नगर पालिका और यातायात थाने के सामने बिच सड़क चल रही दुकानदारी

## -सागर-भोपाल तिराह से लेकर भारत माता चौराह तक दिन कई बार लगता है जाम



**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** शहर के सागर-भोपाल तिराह से लेकर सांची रोड़ भारत माता चौराह तक सड़कों पर फल और सब्जी के ठेलों की वजह से दिन में बार-बार जाम लगता है। नगर की यातायात व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। सागर तिराहे और आसपास के क्षेत्रों में दुकानदारों ने गुमटी रखकर अतिक्रमण कर रखा है। नगर पालिका और यातायात थाने के सामने सांची रोड पर माता मंदिर से सागर तिराहे तक दोनों तरफ फल-सब्जी के ठेले लगते हैं। इससे दिन में कई बार जाम लग जाता है। शाम होते ही ये ठेले सड़क के बीच सड़क पर आ जाते हैं। इससे दुर्घटनाएं भी होती हैं। और लोगों का निकलना भी मुस्किल हो जाता है।

**सब्जी विक्रेता दशहरा मैदान में शिफ्ट होने को तैयार नहीं :** शहर के दशहरा मैदान में नई सब्जी मंडी कई सालों से तैयार है, लेकिन फल और सब्जी विक्रेता वहां जाने को तैयार नहीं हैं। प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में यातायात प्रभारी लता मालवीय का कहना है कि पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। दो दिन पहले आठ फल और सब्जी ठेले वालों पर चालान की कार्रवाई की गई थी।

### सिविल अस्पताल बरेली में डायलिसिसि सेवा शुरू,अब रायसेन और भोपाल नही जाना पड़ेगा

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** स्वास्थ्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के विशेष प्रयासों से सिविल अस्पताल बरेली में डायलिसिस सेवा प्रारंभ हो गई है। बाग पिपरिया निवासी 50 वर्षीय



दामोदर प्रसाद का डायलिसिस सफलतापूर्वक किया गया। दामोदर प्रसाद ने बताया कि इसके पूर्व वह जेके हॉस्पिटल भोपाल में डायलिसिस कराया करते थे, लेकिन अब बरेली सिविल अस्पताल में डायलिसिस सेवा प्रारंभ होने से उन जैसे कई मरीजों को सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल द्वारा 01 मार्च 2025 को बरेली सिविल अस्पताल में डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया गया था। डायलिसिस क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ हेमंत यादव एवं डायलिसिस यूनिट प्रभारी डॉ मनोज पाल के मार्गदर्शन में किया गया।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन 31 मार्च तक

## इस बार किसानों को मिलेगा समर्थन मूल्य 2600 रुपये, गत् वर्ष से 150 रूपये बडकर

मध्य स्वर्णिम

**रायसेन।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ गेंहू बेचने के लिये किसानो द्वारा 25 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया लिया गया है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान भाई 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। शासन द्वारा किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है।

किसान स्वयं के मोबाईल से एमपी किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकते हैं। किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी।



भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2600 रुपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रुपये अधिक है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एमपी किसान एप पर भी की गई है।

### आधार से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को अपडेट रखें

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

### 25 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

जिले में समर्थन मूल्य पर अनाज बेचने के लिए 24ए457 किसानों ने पंजीयन कराया है। कुल 66ए330 हेक्टेयर क्षेत्र पंजीकृत हुआ है। फसलवार पंजीयन में गेहूं के लिए 23ए609ए चने के लिए 2ए100ए मसूर के लिए 806 और सरसों के लिए 40 किसानों ने पंजीयन कराया है। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार रायसेन में सबसे अधिक 6,052 पंजीयन हुए हैं। इसके बाद गौहरगंज में 5,907, सिलवानी में 2,868, बेरली में 2,397, गैरतगंज में 2,104, बेगमगंज में 1,881, उदयपुरा में 1,144, सुल्तानपुर में 968, बाड़ी में 904 और देवरी में 232 पंजीयन दर्ज किए गए हैं।

### कलेक्टर ने बिना अनुमति के मुख्यालय नही छोडने के दिए निर्देश

**रायसेन।** विधानसभा सत्र 10 से प्रारंभ होकर 24 मार्च 2025 तक चलेगा। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि 05 मार्च 2025 से विधानसभा सत्र समाप्ति तक कोई भी अधिकारीए कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के न तो अवकाश पर प्रस्थान करेगा और न ही सार्वजनिक अवकाश में मुख्यालय छोड़ेगा। अपरिहार्य कारणों से यदि अवकाश पर प्रस्थान करना अथवा सार्वजनिक अवकाश में मुख्यालय छोडना अनिवार्य हो तो कलेक्टर की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होगी। इसके अतिरिक्त किसी भी कर्मचारी को अवकाश स्वीकृति के पूर्व प्रभारी अधिकारी स्थापना की अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### विंध्याचल भवन गार्डन के कर्मचारी की थी संदिग्ध हालत में मिली खून से लथ-पथ लाश

भोपाल। नये शहर के कोलार थाना इलाके में दो दिन पहले सोमवार रात गोलजोड़ पर मिली खून से लथ-पथ अधेड़ की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने शव की पहचान कर ली है। शिनाख्ती के बाद परिवार वालो को सूचना देते हुए बुधवार को उनकी मौजूदगी में शव का पीएम कराने के बाद शव परिवार वालो को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर आगे की जॉच कर रही है, जॉच टीम का कहना है की मौत के सही कारणों का खुलासा पीएम रिर्पोट मिलने पर होगा। थाना पुलिस ने बताया कि कजलीखेड़ा कोलार का रहने वाले लालू बारिया (50) विंध्याचल भवन में गार्डन मैंटेनेंस का काम देखते थे। रोजाना की तरह सोमवार सुबह भी वह ड्यूटी पर जाने का कहकर घर से निकले थे। इसके बाद देर रात तक वापस घर नहीं लौटे, परिवार वालो ने रिश्तेदार और परिचितों के घर काफी तलाश किया लेकिन उनकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर मंगलवार को थाने में शिकायत की। पुलिस ने हुलिये और उम्र के आधार पर आंशका जताते हुए परिवार वालो को गोलजोड़ पर खून से लथ पथ मिले शव की जानकारी दी। हमीदिया अस्पताल पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान लापता लालू बारिया के रुप में की। इसके बाद शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया गया। घटना स्थल के आस पास की गई शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला है, कि लालू खून से लथ पथ हालत में था, और उसके साथ एक अन्य व्यक्ति को भी देखा गया था।

### स्वास्थ्य विभाग में सार्थक ऐप पर अटेंडेंस नहीं होने पर रुकी सैलरी, कर्मचारी 10 मार्च से करेंगे आंदोलन

भोपाल। मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सार्थक ऐप पर अटेंडेंस लगाने की अनिवार्यता कर दी गई है। इसी आधार पर उन्हें सैलरी दी जा रही है। लेकिन विभाग के कर्मचारियों का तर्क है कि उनको सार्थक एप में अटेंडेंस लगाने में कई प्रकार की परेशानी आ रही है। जिसका निवारण किए बगैर फरवरी माह की सैलरी रोक दी गई है। परेशान कर्मचारी अब 10 मार्च से प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कौरव ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ,प्रमुख सचिव, आयुक्त ,मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को ज्ञापन देकर मांग की है कि सार्थक ऐप पर अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त की जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सार्थक ऐप से उपस्थिति अनिवार्य की गई है, जिसमें प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारियों को अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जैसे एंड्राइड मोबाइल का कई कर्मचारियों के पास ना होना, नेटवर्क की समस्या,एरर आना,अधिकतम कर्मचारियों के पास कीपैड मोबाइल का होना, 50 प्रतिशत कर्मचारियों का ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देना आदि समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण माह फरवरी का मासिक वेतन रोक दिया गया है। उन सभी अधिकारी कर्मचारियों का वेतन शीघ्र ही भुगतान कराया जाए ताकि परिवार का पालन पोषण एक अल्प वेतन भोगी कर सके तथा जब तक समाधान ना हो तब तक किसी भी अधिकारी कर्मचारी का सार्थक ऐप के कारण वेतन न रोका जाए।

### जिले में चने की खरीदी के लिए किसान पंजीयन 20 फरवरी से 10 मार्च तक

भोपाल। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप एवं भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य 5650 प्रति क्विंटल रूपए पर चने की खरीदी के लिये किसान पंजीयन 20 फरवरी से शुरू हो गया है, जो 10 मार्च 2025 तक किया जायेगा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग उप संचालक श्रीमति सुमन प्रसाद ने किसानों से अपील की है कि पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था के लिए स्वंय के मोबाईल नंबर, ग्राम पंचायत या जनपद पंचायत या तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों एवं पूर्व वर्ष की भांति सहकारी समितियों, एफपीओ. एवं एफपीसी शुल्क 50 रूपए के साथ एमपी ऑनलाईन कियोस्क एवं कॉमन सर्विस सेंटर, पर लोक सेवा केन्द्रों एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर भी कराये जा सकते है। किसान अपनी उपज का पंजीयन कराने से पहले आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर को आवश्यक रूप से लिंक करा लें। किसान के परिवार में जिन सदस्यों के नाम भूमि है वे सभी अपना पृथक-पृथक पंजीयन कराए।

**संस्पेंड एएसआई के घर क्राइम ब्रांच ने मारा छापा, लाखो की नगदी बरामद**

## ऐशबाग टीआई सहित तीन पुलिसकर्मी संस्पैंड

**ठगी का कॉल सेंटर पकड़ाये जाने पर की थी लचर कार्यवाही**

मध्य स्वर्णिम

भोपाल। राजधानी के अशोका गार्डन थाना इलाके में प्रभात चौराहे पर एक इमारत में स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर देश भर के लोगों को ठगने के मामले में पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने सख्त कदम उठाते हुए टीआई जितेंद्र गढ़वाल, एएसआई पवन रघुवंशी सहित चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। सूत्रो के अनुसार गंभीर मामले की जॉच में पुलिस कर्मियो द्वारा की जा रही संदिग्ध और बेहद लचर कार्यवाही के चलते पुलिस कमिश्नर खासे नाराज थे, इसके साथ ही चारों की विभागीय जांच भी शुरू कराई जा रही है।



खबरो के मुताबिक मामले में संस्पैंड किये गये ऐशबाग थाने में पदस्थ रहे एएसआई पवन रघुवंशी के घर पर पुलिस कमिश्नर हरीनारायणचारी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच द्वारा छापामार कार्यवाही की गई, इस दौरान उसके घर से करीब 15 लाख की नगदी बरामद हुई है। जानकारी के मुताबिक टीआई जीतेंद्र गढ़वाल, एएसआई पवन रघुवंशी और दो अन्य पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। पिछले दिनों कॉल सेंटर पर ऐशबाग पुलिस की रेड के दौरान की गई कार्रवाई में कई कमियां थीं। इस मामले में आरोपी अफजल खॉन को सोमवार को गिरफ्तार कर तीन दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है की एएसआई पवन रघुवंशी को तीन दिन पहले ही लाइन अटैच किया गया था। वहीं जितेंद्र गढ़वाल और पवन रघुवंशी लगातार विवादों में थे। गौरतलब है कि ऐशबाग पुलिस ने कॉल सेंटर संचालित कर ठगी करने वाले ठिकाने पर 23 फरवरी को दबिश दी थी।

यहां से अफजल के बेटे को गिरफ्तार किया था। बाद में उस पर 151 की कार्रवाई कर छोड़ दिया गया। मामले में उस समय उबाल गया गया जब कॉल सेंटर संचालक अफजल और उसकी बेटी पर एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि अफजल के खातों में देश भर में की गई ठगी के करीब एक करोड़ रुपए के लेन-देन भी हो चुके हैं। और उसके खुद के नाम से तीन खाते हैं, जबकि अन्य खाते उसके रिश्तेदारों और कॉल सेंटर में काम करने वाले कर्मचारियों के हैं। जिन्हें वह साइबर ठगी में इस्तेमाल किया करता था। पुलिस की शुरुआती जांच में करीब 40 खातों की जानकारी सामने आई है।

जिसमें मास्टर माइंड अफजल ने अपने तीन खाते बताए हैं। बाकी खाते कॉल सेंटर में काम करने वाले कर्मचारियों के नाम पर खुलवाए गए थे। इन सभी खातों की जानकारी संबंधित बैंक से ली जाएगी। सोमवार तक कॉल सेंटर में काम करने वाले 29 युवक-युवतियों की जानकारी पुलिस को मिल चुकी हैं, जिनसे जल्द ही पूछताछ की जाएगी।

### अब तक मास्टरमांइड सहित 9 गिरफ्तार

गौरतलब है, की इस फर्जी कॉल सेंटर के जरिए निवेश के नाम पर ठगी करने वाले आठ जालसाजों में शामिल विपिन घोष, रामचंद्र यादव, बृज किशोर साहू, सौरभ कुशवाह, श्रेयांश सेन, राजू भूमरकर, अंकुर माछीवार और मोनिस यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें मास्टर माइंड अफजल सहित अब तक 9 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। यह सभी आरोपी कॉल सेंटर पर कर्मचारी थे और इनके नाम से खाते खुलवाए गए थे। देशभर में लोगों से ठगी की रकम इन खातों में आती थी। पुलिस जॉच में पता चला है की कॉल सेंटर संचालक अफजल खॉन और उसकी बेटी साहिबा खुद को बेंगलुरु की एक नेशनल कंपनी का कर्मचारी बताते थे। नौकरी के लिये इंटरव्यू लेकर युवाओं को कॉल सेंटर में 10 से 12 हजार की मंथली सैलरी पर रखा जाता था। यहां काम करने वाले टेली कॉलर लोगों को शेयर मार्केट में 200 फीसदी तक का मुनाफा दिखाकर अपने जाल में फंसाते थे।

## भोपाल पुलिस ने गुम हुए ढाई लाख के मोबाइल खोजकर मालिको को लौटाये



मध्य स्वर्णिम

भोपाल। राजधानी भोपाल की टीटी नगर थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुम हो चुके ढाई लाख कीमत के 14 मोबाइल फोन ढूंढकर उनके मालिकों को सौंप दिया। अपने गुम मोबाइल फोन पाकर मालिको के चेहरे खिल उठे।

टीआई सुधीर कुमार अरजरिया ने जानकारी देते हुए बताया की पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सायबर फ्राड सबंधी शिकायतों को फौरन हल करने के लिये प्रत्येक थाने पर सायबर डेस्क का गठन किया गया है।

इसी कड़ी में टीटी नगर थाने में संचालित की जा रही सायबर डेस्क में आरक्षक नीरज यादव और महिला आरक्षक कृतिका परमार को लगाया गया है। उनकी टीम ने भारत शासन के दूरसंचार विभाग के द्वारा संचालित केन्द्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सीईआईआर पोर्टल) के माध्यम से फरवरी महीने में में गुमे हुये अलग-अलग कंपनी के 14 मोबाइल फोन को सीईआईआर पोर्टल के जरिये सर्च कर खोजने में सफलता पाई।

इन सभी मोबाइल को बाद में उनके मूल मालिकों की पहचान कर उनके सुपूर्द कर दिया गया है। पुलिस ने बताया की टीटी नगर इलाके में गुमे हुये मोबाइल फोन के एक मालिक जो कि 8-10 हजार रुपये महीना सैलरी की प्रायवेट नौकरी करते है, जब पुलिस ने उनके मोबाइल फोन वापस करने की सूचना देकर उन्हे थाने आने बुलाया गया तो उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई।

क्योकि उनके मोबाइल फोन की कीमत उनकी मासिक सैलरी से ज्यादा थी, और उन्हें अपना गुमा हुआ मोबाइल फोन वापस मिलने की उम्मीद ही नहीं थी। ऐसे में टीटी नगर के सायबर डेस्क से आये एक फोन पर पहले तो उन्हे विश्वास ही नही हुआ लेकिन जब उनका फोन वापस उनके हाथो में पहुंचा तब उन्हे पुलिस को धन्यवाद कर उनके सराहनीय कार्य के लिये आभार जताया।

## चूल्हे की चिंगारी से घर में लगी आग, पूरा सामान खाक, झुलसे बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती



मध्य स्वर्णिम

भोपाल। भोपाल के निशातपुरा इलाके में बुधवार की सुबह एक मकान में आग लग गई। बुजुर्ग व्यक्ति चूल्हे पर चाय बना रहे थे, इसी दौरान उससे निकली चिंगारी से पास में खड़ी एक्टिवा ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते ही कमरे में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। कमरे में फैली आग का बुझाने की कोशिश करते वक्त बुजुर्ग व्यक्ति भी उसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची तथा करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया कि प्रेमनारायण हाड़ा निशातपुरा इलाके की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहते हैं। वे एसबीआई के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। वे घर में एक कमरे में अकेले रहते हैं जबकि परिवार के बाकी लोग घर के दूसरे हिस्से में रहते हैं। रोजाना की तरह बुधवार की सुबह वे चूल्हे पर चाय बना रहे थे। इस दौरान उनकी एक्टिवा गाड़ी भी पास ही खड़ी थी। चूल्हे से निकली एक चिंगारी से एक्टिवा गाड़ी में आग लग गई। चंद पलों में ही एक्टिवा धू-धू कर जलने लगी। एक्टिवा की आग से कमरे के भीतर रखे सामान में भी आग लगने लगी। प्रेमनारायण ने आग बुझाने की कोशिश की तो वे भी आग की चपेट में आकर झुलस गए।

## आज विधानसभा परिसर में मध्य प्रदेश की प्राक्कलन समिति की बैठक संपन्न

भोपाल। आज विधानसभा परिसर में मध्य प्रदेश की प्राक्कलन समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें भोपाल स्मार्ट सिटी एवं मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के अधिकारियों ने समिति को स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों एवं मेट्रो रेल परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में सभापति अजय बिश्नोई, सदस्य सर्व भगवानदास सबनानी, ओमप्रकाश धुर्वे, राजेश वर्मा, अभय मिश्रा , दिनेश बोस, विधानसभा के प्रमुख सचिव ए पी सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के पश्चात समिति ने स्मार्ट सिटी के तहत नवनिर्मित शासकीय आवास गृह, अटल पथ, स्मार्ट रोड, दशहरा मैदान,सदर मंजिल आदि निर्माण कार्यों का अवलोकन/निरीक्षण किया तथा मेट्रो रेल ट्रायल में समिति सम्मिलित हुई।



## साजिश के तहत 6 लाख के गहने प्रेमी के साथ लेकर भागी थी दुल्हन

**पहले किया था शादी से इंकार, पॉच महीने पहले प्रेमी के साथ प्लान बनाकर भरी थी हामी**

मध्य स्वर्णिम

भोपाल। टीटी नगर थाना पुलिस ने इलाके के मैरिज हॉल से 19 फरवरी को रिसेप्शन वाली रात दुल्हन के प्रेमी के साथ भागने के मामले का खुलासा करते हुए आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। जॉच में सामने आया की दुल्हन करीब पॉच महीने पहले बने प्लान के तहत ही 6 लाख के गहने लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हुई थी।



पुलिस ने प्रेमी रितिक मालवीय, युवती रोशनी सोलंकी और उसके आरोपी दोस्त अरबाज खान को गिरफ्तार कर जेवरात बरामद कर लिए हैं। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गंजबासौदा में रहने वाली रोशनी सोलंकी (22) की शादी 18 फरवरी को भोपाल निवासी आशीष से हुई थी। 19 फरवरी की रात मैरिज गार्डन के बाहर से रोशनी कार से आये दो युवको के साथ फरार हो गई थी। शिकायत मिलने पर शुरुआती जॉच में पता चला रोशनी अपने प्रेमी रितिक के साथ भागी है।

इसका खुलासा रोशनी ने वॉट्सएप स्टेटस पर वीडियो लगाकर किया था। आगे की छानबीन में सामने आया आरोपी रितिक (23) मालवीय उसका पड़ोसी है, और 5 साल से उसका रोशनी से प्रेम प्रसंग था। लेकिन पारिवारिक कारणों से उनकी शादी संभव नहीं थी। रितिक बेरोजगार था, और उसका अपराधिक रिकॉर्ड भी है। उसने अपने दोस्त अरबाज खान (26) के साथ मिलकर नकली शादी की प्लानिंग तैयार की। रोशनी ने पहले साजिश में शामिल होने से इनकार किया। लेकिन लालच में आकर वह भी इसमें शामिल हो गई। इसके बाद उसने परिवार वालो के कहने पर 18 फरवरी 2025 को भोपाल निवासी आशीष रजक से शादी कर ली।

योजना के मुताबिक वह बारात वाले दिन ही फरार होने वाली थी। लेकिन मेहमानों के कारण प्लान बदलना पड़ा। 19 फरवरी को, रिसेप्शन के दौरान रोशनी अपने प्रेमी रितिक और उसके दोस्त अरबाज के साथ स्विफ्ट कार में बैठकर फरार हो गई। शुरुआत में आशीष को उम्मीद थी, कि रोशनी वापस आ जाएगी, इसलिए उसने चोरी की शिकायत नहीं की।

## आउटर पर ट्रेनों से चोरी करने वाली गैंग का फरार आरोपी गिरफ्तार

**लाखों का माल बरामद**



मध्य स्वर्णिम

भोपाल। राजधानी भोपाल की जीआरपी टीम ने आउटर पर चोरी करने वाली गैंग के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दबोचे गये बदमाश से टीम ने दो लाख का माल बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार इसी साल 29 जनवरी को नागदा जिला उज्जैन निवासी फरियादी श्रीकांत गोखले ने अपनी शिकायत में बताया था की वह अपनी पत्नी के साथ इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस से देवास से जबलपुर का सफर कर रहे थे। भोपाल स्टेशन आने से पहले जब ट्रेन आरिफ नगर आउटर पर धीमी हुई उसी समय अज्ञात बदमाश उनकी पत्नि का लेडीज पर्स चोरी कर भाग गया।

पर्स में सोने का मंगलसूत्र, सोने की चूड़ी, सोने की चैन, टाप्स जरुरी कागजात सहित करीब पॉच लाख का माल रखा हुआ था। जॉच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर जॉच शुरु की गई। एसपी रेल भोपाल राहुल लोढ़ा ने आरोपियो की धरपकड़ के लिये टीम गठित की थी। टीआई जहीर खॉन ने बताया की टीम ने अज्ञात आरोपियो का सुराग जुटाना शुरु किया। छानबीन के दौरान ही मुखबिर से मिली सूचना पर टीम ने इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस में से श्रीकांत गोखले की पत्नि का पर्स चोरी करने वाले गिरोह के बदमाशो साहिल खॉन उर्फ़ बच्चा पिता नासिर (20) निवासी नवाब कॉलोनी निशातपुरा, मोहसिन खॉन उर्फ़ भूरा पिता शमीम खॉन (19) निवासी परवाखेड़ा थाना इटखेडी और अमन खॉन पिता साजिद (21) निवासी लाबाखेडा बायपास को दो दिन पहले धर दबोचा। पूछताछ करने पर आरोपियो ने आरिफ नगर ब्रिज के पास आउटर पर खडी ट्रेनों से लेडीज पर्स चोरी किये जाने की घटना का खुलासा कर दिया।

## 66 के हुए 'मामा', पत्नी साधना सिंह ने खास संदेश से दी शिवराज को बधाई

मध्य स्वर्णिम

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज यानी 5 मार्च को जन्मदिन है। वे 66 साल के हो गए हैं। पूरा परिवार राजस्थान के जोधपुर के उम्मेद भवन में बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान की शादी की खुशियां मना रहा है। रात 12 बजे बेटे ने केक के साथ पिता शिवराज का जन्मदिन भी मनाया। शिवराज ने अपने जन्मदिन के अवसर में परिवार के साथ पौधरोपण किया। पत्नी साधना सिंह ने भी सोशल मीडिया पर भावुक संदेश लिखकर बधाई है।



बता दें कि शिवराज सिंह चौहान का जन्म मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के जैतपुर गांव में 5 मार्च 1959 को हुआ था। 13 साल की उम्र में संगठन से जुड़े शिवराज सिंह आज के दौर में सत्ता और संगठन दोनों की पहली पसंद बन चुके हैं। जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्नी साधना सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'सोचती हूं, आपको क्या शुभकामनाएं दूं, क्योंकि आपने तो मेरी झोली हमेशा खुशियों से भरी हैं। आप हमारे परिवार की सबसे बड़ी ताकत हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप स्वस्थ, प्रसन्न और दीर्घायु रहें, और हमारा परिवार यूं ही हंसता-खेलता रहे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी शिवराज सिंह चौहान को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री, आदरणीय भाईसाहब श्री शिवराज सिंह चौहान जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बाबा महाकाल आपको स्वस्थ, सुदीर्घ और मंगलमय जीवन प्रदान करें; ऐसी प्रार्थना है।

बता दें कि शिवराज सिंह चौहान के दो बेटे हैं। छोटे बेटे कुणाल की शादी 14 फरवरी को हुई है। उनका विवाह रिद्धि जैन से हुआ है। वहीं बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी की रस्में जोधपुर में चल रही हैं।

## भोपाल जिले में खेतों में पराली जलाने पर तीन माह तक प्रतिबंध



भोपाल। भोपाल कलेक्टर ने जिले में खेतों में पराली (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए हैं। बुधवार को जारी आदेश में तीन माह तक जिले की सीमा में पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है, खेतों की उर्वरता घटती है और गंभीर अग्नि दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। इसके अलावा, इससे हवा में हानिकारक गैसें फैलती हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक साबित होती हैं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि यह आदेश जनहित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और लोक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे फसल अवशेष जलाने की बजाय वैकल्पिक उपायों को अपनाएं, जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे और मिट्टी की उर्वरता बनी रहे।

# शेयर बाजार की गिरावट रोकने सेबी पर भरोसा जगाना होगा

5 महीने से ज्यादा हो गए, शेयर बाजार में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले कुछ सालों में जिस तरह से शेयर बाजार का फुग्गा फुलाया गया था, पिछले 5 महीने में तेजी के साथ उसकी हवा निकल रही है। शेयर बाजार में अभी तक निवेशकों को 95 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से बाहर निकलना शुरू किया। अब देसी निवेशक भी बड़ी संख्या में शेयर बाजार से शेयर बेचकर बाहर निकल रहे हैं। छोटे-छोटे देसी निवेशकों का मोह भी बुरी तरह से भंग हुआ है। शेयर बाजार को लेकर पहली बार निवेशकों में यह धारणा बनी है। संगठित रूप से उनके साथ लूट की जा रही है। जब हिंडनवर्ग की रिपोर्ट आई थी। उस समय भारतीय शेयर बाजार की गड़बड़ियों को उजागर किया गया था। सेबी ने उसको संज्ञान में नहीं लिया। शार्ट सेलिंग के जरिए कैसे शेयर के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा जिस तरह की धोखाधड़ी शेयर बाजार में की जा रही थी। इसका खुलासा हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में हुआ था। शॉर्ट सेलिंग के लिए अवैध रूप से विदेशी कंपनियों का धन शेयर बाजार में अवैधानिक रूप से लगाया गया था। इसका खुलासा होने के बाद सेबी ने कोई जांच नहीं की। सुप्रीम कोर्ट ने भी जांच में लीपापोती करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जिसके कारण विदेशी निवेशकों का रुझान भारतीय शेयर बाजार से उठने लगा। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय शेयर बाजार में निवेश के लाभ पर जिस तरीके से लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन की वसूली की जा रही है, उसने भी निवेशकों का आकर्षण भारतीय शेयर बाजार से कम कर दिया है। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो के निवेशकों पर टैक्स लगता है। कई देशों में इस तरह का टैक्स नहीं है। जिसके कारण कैपिटल गैन के कारण विदेशी निवेशकों का पलायन भारतीय शेयर बाजार से अन्य देशों के शेयर बाजार में निवेश होना शुरू हो गया है। पिछले 5 महीने में विदेशी निवेशकों ने 3 लाख करोड रुपए की बिकवाली की है, जिसके कारण नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 15 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। कंसल्टेंसी और एकाउंटिंग से जुड़े अर्थशास्त्रियों का मानना है कि टैक्सेशन के कारण विदेशी निवेशकों का मोह भारतीय शेयर बाजार से भंग हो गया है। देसी निवेशक भी कैपिटल गेन टैक्स क़ी वसूली से नाराज हैं। भारतीय निवेशक शेयर बाजार से निवेश निकालकर सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं। जिसके कारण बाजार में लगातार बिकवाली और गिरावट देखने को मिल रहा है। अर्थ विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को विदेशी निवेशकों से कैपिटल गेन टैक्स की वसूली का प्रावधान तुरंत समाप्त करना चाहिए। 2024 के बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा कैपिटल गेन टैक्स को ढाई फ़ीसदी से लेकर 5 फीसदी तक बढ़ा दिया गया था। बाजार नियामक संस्था सेबी की कार्यप्रणाली पर निवेशकों का भरोसा खत्म हो गया है। सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के ऊपर बड़े गंभीर आरोप हैं। वह जेपीसी के सामने प्रस्तुत नहीं हुई। केंद्र सरकार के संरक्षण और आरोपों की जांच नहीं होने से निवेशकों का विश्वास शेयर बाजार में नहीं रहा। हाल ही में वित्तीय संस्थाओं द्वारा शेयर बाजार की गिरावट रोकने के लिए निवेश किया गया। वह बाजार में कुछ ही घंटे के अंदर बाहर निकल गया। निवेशकों के बीच बाजार से निकलने की होड़ लगी हुई है। शेयर बाजार से जुड़े निष्पक्ष अर्थशास्त्रियों का कहना है, सरकार को सेबी की कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाना होगा। सेबी के अधिकारियों को सजग और जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। शेयर बाजार को एक बार भरकर फुलाया जा रहा था। सेबी को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी थी। सेबी ने आम निवेशकों के हित में काम नहीं किया। सरकार जिम्मेदार भ्रष्ट अधिकारियों को बचा रही है, जिसके कारण निवेशकों को शेयर बाजार में भरोसा नहीं रहा।

## हिंदी के खिलाफ जहर उगलते स्टालिन

राष्ट्रभाषा हिंदी को लेकर दक्षिण भारत के राज्य हमेशा से ही विरोध करते आ रहे हैं। इन दक्षिणी राज्यों में हिंदी का विरोध करने वालों में तमिलनाडु सबसे प्रमुख राज्य है। इस राज्य के जितने भी मुख्यमंत्री हुए हैं वह सब राष्ट्रभाषा हिंदी का विरोध करते हुए अपने राज्य की तमिल भाषा के सबसे बड़े हितेशी बने रहने का झंडा उठाएं रहे हैं। पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों की हिंदी के विरोध करने की परंपरा का निर्वाहन तमिलनाडु के मौजूदा मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी जारी रखा है। वह हमेशा किसी न किसी मौके पर राष्ट्रभाषा हिंदी का विरोध करते रहते हैं। अब एक बार फिर मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को हिंदी और संस्कृत भाषा को लेकर एक पत्र भी लिख भेजा है। स्टालिन ने अपने पत्र में लिखा है कि तमिलनाडु सरकार नई शिक्षा नीति के तहत त्रिभाषा नीति के विरुद्ध है। स्टालिन केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप भी लगा रहे हैं। हिंदी का विरोध करते हुए स्टालिन कहते हैं कि वह हिंदी के खिलाफ हैं और हर हालत में तमिल और उसकी संस्कृति की रक्षा करेंगे। स्टालिन ने कार्यकर्ताओं को जो पत्र भेजा है उसमें भी लिखते हैं कि हम हिंदी थोपे जाने का विरोध करते हैं और उनके लिए हिंदी एक मुखौटा है और उसके पीछे का चेहरा संस्कृत है। तमिलनाडु की द्रमुक सरकार केंद्र सरकार पर आरोप लगाती रही है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन भाषा के फार्मूले के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश की जा रही है। स्टालिन अपने पत्र में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़े शातिराना तरीके से हिंदी भाषी राज्यों के लोगों को भी भडकाने का काम किया है। स्टालिन हिंदी भाषी राज्यों के लोगों को यह बतला रहे हैं कि हिंदी ने अन्य भारतीय भाषाओं को निगल लिया है। स्टालिन पत्र में लिखते हैं भोजपुरी, मैथिली, अवधि, बुंदेली, मगही, मालवी,गढ़वाली, ब्रज, कुमाऊनी, मारवाड़ी, छत्तीसगढ़ी,संथाली, अंगिका, खारिया, खोरठा, कुरमाली कुरूख एवं मुंडारी समेत कई क्षेत्रीय भाषाओं का स्टालिन उल्लेख करते हैं और लिखते हैं कि यह सभी क्षेत्रीय भाषाएं अपने अस्तित्व के लिए हांफ रही हैं। अखंड हिंदी पहचान की कोशिशें से प्राचीन भाषायें नष्ट हुई हैं। स्टालिन ने अपने पत्र में यह भी बतलाया है कि यूपी बिहार हार्टलेंड नहीं थे। बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में बोली जाने वाली कई भाषाओं जैसे मैथिली, ब्रजभाषा बुंदेलखंडी और अवधि को हिंदी के प्रभुत्व ने नष्ट कर दिया है। वही स्टालिन यह भी आरोप लगा रहे हैं कि संस्कृत भाषा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है और कई राज्य सरकारें अपने राज्य में संस्कृत को लागू करने की कोशिश भी जारी रखे हैं। दक्षिण भारत के राज्य अपने राज्य की भाषा का संरक्षण और संवर्धन करें इसे लेकर किसी को भी आपत्ति नहीं हो सकती है। आज गुजरात सरकार गुजराती भाषा में महाराष्ट्र सरकार मराठी में और आंध्र प्रदेश की सरकार तेलुगु भाषा में सरकारी कामकाज करती आ रही हैं। इन सरकारों ने कभी भी अपने राज्यों में सरकारी कामकाज को हिंदी भाषा में करने के लिए दबाव ही नहीं बनाया है। इसलिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन का यह आरोप बेबुनियाद नजर आ रहा है कि हिंदी भाषा क्षेत्रीय भाषाओं को निगल रही है। अब देखना है कि केंद्र सरकार हिंदी और त्रिभाषा नीति को लेकर हिंदी का विरोध करने वाले राज्यों के लिए किस प्रकार की रणनीति बनाती है।

## केदारनाथ से काशी तक, अविनाशी आदियोगी के रहस्यों का खुलासा

नॉन-फ़िक्शन केटेगरी में आगे रहने वाली कंपनी वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, अमीश के साथ पूरे गर्व से लीजेंड्स ऑफ़ शिवा का शुभारंभ किया जो इसकी प्रशंसित लीजेंड्स सीरीज़ का लेटेस्ट एडिशन है। लीजेंड्स ऑफ़ रामायण की ज़बरदस्त सफलता के बाद, यह तीन-भाग की सीरीज़ दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाएगी। इसे मशहूर लेखक अमीश त्रिपाठी ने होस्ट किया। यह उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से होकर गुजरता है, जहाँ शिव के कुछ सबसे पूज्य मंदिर स्थित हैं। उत्तराखंड में, अमीश शिव के प्रतीक, विरासत और समय से परे उनके प्रभाव की खोज करते हैं। उनकी यात्रा चोराबारी ताल की रहस्यमय ऊंचाइयों से शुरू होती है, जहाँ कहा जाता है कि शिव ने अस्तित्व के रहस्यों को साझा किया था। फिर वे केदारनाथ के पवित्र ज्योतिर्लिंग तक पहुँचते हैं, जहाँ उनकी कथा सदियों से संजोई गई है। अमीश एक प्राचीन गुफा में भी जाते हैं, जिसके बारे में माना जाता है कि वह ब्रह्मांड कि सबसे बड़ी रहस्यमयी जगह है।

# आखिर लोग वोट देने क्यों नहीं निकल रहे?

**क्या नागरिक कथित राजनीतिक तानाशाही से उत्पीड़ित महसूस कर रहे हैं और ब्रिटिश राज की याद कर रहे हैं? क्या लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया में रुचि कम हो रही है? ये ज्वलंत प्रश्न समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उठाए जा रहे हैं, जो चुनावों में मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट से उजागर होते हैं। चुनाव आयोग के सामने एक बड़ी चुनौती है कि इस क्षेत्र में मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए।**

**डॉ सत्यवान सौरभ**

चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करने के तरीके खोजना आवश्यक है। उच्च मतदान प्रतिशत प्राप्त करने के लिए, मतदाता जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इसे राजनीतिक विमर्श को ऊपर उठाने के साथ-साथ चलना चाहिए। ये दोनों पहलू आपस में जुड़े हुए हैं; राजनीति की गुणवत्ता में सुधार किए बिना, मतदाताओं को लुभाने के प्रयास परिणाम नहीं दे सकते हैं। यदि हम लोकतंत्र को जीवंत और सार्थक रखना चाहते हैं, तो हम सभी को बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। चुनाव हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। मतदान केवल एक अधिकार नहीं है; यह एक मौलिक कर्तव्य है जिसे हम एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के रूप में निभाते हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि मतदान का दिन केवल छुट्टी या मौज-मस्ती का मौका नहीं है; यह हमारे देश के नेताओं और सरकार को चुनने की गंभीर जिम्मेदारी भी निभाता है, एक ऐसी जिम्मेदारी जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

राजनीति और लोकतंत्र की ताकत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में निहित है। आखिरकार, मतदान एक महत्वपूर्ण शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है, और हर मतदाता के लिए इसे पहचानना महत्वपूर्ण है। राष्ट्र हमारा है, और हमारा लोकतंत्र भी हमारा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में, वोट की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस शक्ति से हम अपना और अपने बच्चों का भविष्य संवारते हैं। इसलिए, 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह चुनाव में भाग ले। मतदान न करने का विकल्प चुनना अनिवार्य रूप से इस लोकतांत्रिक दायित्व से विमुख होना है। हर मतदाता को अपने व्यस्त जीवन के बावजूद भी चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास करना चाहिए। जिस तरह लोग सुख और समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए पूजा स्थलों पर जाने के लिए समय निकालते हैं, उसी तरह हमें संसद को अपने लोकतंत्र के पवित्र स्थान के रूप में देखना चाहिए। चुनाव इस लोकतंत्र का उत्सव है, और मतदान की अपनी जिम्मेदारी को पूरा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य से, कई आम नागरिकों, खासकर युवाओं, जो हमारे देश का भविष्य हैं, के लिए मतदान करना प्राथमिकता से कम हो गया है। वे अक्सर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से सच्चे उत्साह और देशभक्ति के साथ जुड़ने में विफल रहते हैं। कई कामकाजी लोग अपने परिवार के साथ मतदान दिवस का आनंद लेने के लिए उत्सुक रहते हैं, लेकिन युवाओं के लिए मतदान अक्सर पीछे छूट जाता है। उनकी मानसिकता यह होती है,अगर छुट्टियों के मौज-मस्ती के दौरान मेरे पास समय होगा, तो मैं मतदान करूंगा, और अगर उन्हें मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें मिलती हैं, तो वे इस विचार को पूरी तरह से त्याग सकते हैं। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि युवा पीढ़ी के लिए मतदान प्राथमिकता नहीं है, और नागरिक कर्तव्य के महत्व को समझाने के बुजुर्गों के प्रयासों के बावजूद, उनकी सलाह अक्सर अनसुनी हो जाती है। यह मतदान गिरावट में योगदान देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। राजनीति की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि मतदाता अक्सर नेताओं में अपनी पसंद पर सवाल उठाते हैं। एक राजनेता कई सालों तक किसी पार्टी के साथ रह सकता है, सत्ता के लाभों का आनंद ले सकता है, लेकिन जब उन्हें आगामी चुनावों में संभावित हार का आभास होता है, तो वे पार्टी बदल लेते हैं और उसी संगठन की आलोचना करना शुरू कर देते हैं जिसका वे इतने लंबे समय तक हिस्सा रहे हैं। इस व्यवहार ने मतदाताओं का अपने नेताओं पर भरोसा खत्म कर दिया है, जो हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए परेशान करने वाला है। आजादी के पचहत्तर साल बाद, दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना लोकतंत्र भारत, लोकतंत्र में कम होते विश्वास के बारे में वैश्विक चिंताओं का सामना कर रहा है। क्या नागरिक कथित राजनीतिक तानाशाही से उत्पीड़ित महसूस कर रहे हैं और ब्रिटिश राज की याद कर रहे हैं? क्या लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण चुनावी प्रक्रिया में रुचि कम हो रही है? ये ज्वलंत प्रश्न समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उठाए जा रहे हैं, जो चुनावों में मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट से उजागर होते हैं। इस मुद्दे की जड़ केवल युवा मतदाता नहीं हैं; यह नई पीढ़ी में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना पैदा करने में सामूहिक विफलता है। अगर ये मूल्य घर पर उनकी प्रारंभिक शिक्षा का हिस्सा होते, तो शायद आज हम इस स्थिति का सामना नहीं कर रहे होते। अगर हम देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर विचार करने के लिए एक पल भी निकालें, तो हम खुद को कमतर पा सकते हैं। दैनिक जीवन की भागदौड़ में, हम अक्सर अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर विचार करना भूल जाते हैं। हालाँकि, हमारे पास अभी भी अपने निजी मुद्दों के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार करने का समय है। हमें अपने देश की वर्तमान राजनीतिक दिशा पर गंभीरता से विचार करना चाहिए; अन्यथा, हम पुरानी कहावत को दोहराने का जोखिम उठाते हैं, अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत? राजनीति में सिद्धांतों को प्राथमिकता देना ज़रूरी है। राजनीतिक कार्रवाइयों में हमेशा राष्ट्र की भलाई को ध्यान में रखना चाहिए। पार्टी बदलने से पहले हमें यह सोचना चाहिए कि यह फ़ैसला हमारे समर्थकों को कैसे प्रभावित करेगा। नेता तो जल्दी बदल सकते हैं, लेकिन मतदाताओं का दिल जीतने में समय लगता है। मतदान में वृद्धि के लिए नेताओं को मतदाताओं की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने से बचना चाहिए। लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए राजनीति में मज़बूत आदर्शों की स्थापना की ज़रूरत है, जिससे मतदाताओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

# संवेदनहीन समाज: धर्म के नाम पर कर्तव्य से विमुखता!

**क्या सचमुच हम सभ्य समाज में जी रहे हैं? या यह सिर्फ एक भ्रम है, जिसे हम बचपन से पालते आए हैं? रामगढ़ की घटना पर नज़र डालें, जहां एक बेटा अपनी बुजुर्ग माँ को भूख से तड़पता छोड़कर कुम्भ नहाने चला गया। दूसरी ओर, मध्य प्रदेश में एक अपराधी जिसने पहले भी दो बार बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराध किए, फिर एक बार नाबालिग को शिकार बनाते हुए पकड़ा गया। क्या यही हमारी संस्कृति और नैतिकता की पराकाष्ठा है?**

कुम्भ का स्नान क्या माँ की सेवा से बढ़कर हो गया? या फिर धर्म के नाम पर पापों को धोने की हमारी परंपरा इतनी प्रबल हो गई है कि हमें अपनी जिम्मेदारियों से भागने का लाइसेंस मिल जाता है? माँ जिसे देवी का दर्जा दिया जाता है। गीता, वेद, पुराणों में सबसे ऊँचा स्थान दिया गया है, वही माँ जब बुजुर्ग हो जाती है तो उसे भूखा-प्यासा घर में बंद कर दिया जाता है।

यह कैसी विडंबना है कि जहाँ समाज सेवा और पुण्य के नाम पर धर्मस्थलों में भीड़ उमड़ती है, वहीं अपने ही घर में माँ की सेवा करना बोझ लगता है? वहीं दूसरे मामले को देखें। एक बलात्कारी, जिसे सजा होती है जेल की हवा तक खाता है, वह फिर एक बार जघन्य अपराध करता है। क्यों? क्या हमारे कानून में इतनी ढिलाई है कि अपराधी बेखौफ होकर अपराध दोहराते रहें? क्या समाज का नैतिक पतन इस कदर हो गया है कि अपराधियों को कोई भय ही नहीं? या फिर यह हमारी सामूहिक विफलता है कि हम ऐसे दरिंदों को समय रहते रोक नहीं पाते?

यहाँ एक और प्रश्न उठता है ङ्क क्या हम सच में एक विकसित समाज के नागरिक कहलाने योग्य हैं? हमारे देश में माता-पिता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं माना जाता है, आज वहीं वृद्धाश्रमों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नारी को नारायणी की तरह पूजने वाले देश में, नारियों को प्रताड़ित किया जा रहा हैं। धर्म और नैतिकता की दुहाई देने वाले लोग अपनी आत्मा से पूछें ङ्क क्या यह वही समाज है जिस पर हम गर्व करते हैं? हम त्योहारों में घंटों लाइन में लगकर मंदिरों में प्रसाद चढ़ाने को तैयार रहते हैं, लेकिन अपने घर के बुजुर्गों को खाना खिलाना बोझ लगता है। अपराधियों के लिए सख्त सजा की मांग तो करते हैं, लेकिन जब ऐसे लोग हमारे समाज में घूमते हैं, तो हम आँखें फेर लेते हैं। क्या यही वह सभ्यता है, जिस पर हम गर्व करते हैं? अगर हाँ, तो शायद हमें फिर से सभ्यता का अर्थ समझना होगा। धर्म, नैतिकता और कानून, इन सबका उद्देश्य समाज को बेहतर बनाना था, न कि इसे विकृत और संवेदनहीन। जब तक हम अपनी सोच नहीं बदलते, तब तक ऐसी घटनाएँ दोहराई जाती रहेंगी।

समाज में नैतिकता और न्याय की दुहाई देने वाले अक्सर तब चुप हो जाते हैं जब असल में आवाज़ उठाने की जरूरत होती है। हर दिन समाचार पत्रों में ऐसी घटनाएँ पढ़कर क्षणिक आक्रोश तो व्यक्त कर देते हैं, लेकिन फिर अगले ही पल अपनी दिनचर्या में व्यस्त हो जाते हैं। यह निष्क्रियता ही सबसे बड़ा अपराध है। हम अपने आसपास की इन घटनाओं को देखते हुए भी मौन रह जाते हैं, जिससे अपराधियों का मनोबल और बढ़ता है। कानून के प्रति डर क्यों समाप्त हो रहा है? क्योंकि हमारी न्याय व्यवस्था इतनी धीमी है कि अपराधी बेखौफ होकर अपराध करते हैं और पीड़ित न्याय के लिए बरसों भटकते रहते हैं। न्याय में देरी न्याय से वंचित होने की निशानी है। जब तक समाज इस गंभीर समस्या को नहीं समझेगा, तब तक बदलाव की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती।

समाज का ढांचा ऐसा होना चाहिए जहाँ संस्कार, नैतिकता और न्याय का मेल हो। लेकिन दुर्भाग्य से हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ स्वार्थ, पाखंड और संवेदनहीनता ने जड़ें जमा ली हैं। हम अपने फायदे के लिए धर्म का उपयोग करते हैं, लेकिन जब दूसरों के अधिकारों और भावनाओं की बात आती है, तो चुप्पी साध लेते हैं। अगर हमें सच में समाज को बदलना है तो सबसे पहले अपनी मानसिकता को बदलना होगा। किसी भी समाज की असली परीक्षा उसकी कमजोर कड़ियों की रक्षा करने में होती है। बुजुर्गों की सेवा, महिलाओं का सम्मान और न्याय की रक्षा केवल सरकारी नीतियों से संभव नहीं हो सकती। इसके लिए हमें सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारियाँ समझनी होंगी। हमें यह सोचना ज़रूरी है कि हमारा समाज किस ओर जा रहा है। अगर हमने अभी भी नहीं सोचा, तो आने वाली पीढ़ियाँ एक ऐसे समाज में रहेंगी जहाँ रिश्तों की अहमियत नहीं होगी, कानून का डर नहीं होगा और धर्म सिर्फ़ दिखावा बनकर रह जाएगा। क्या हम सच में ऐसा समाज चाहते हैं? या अब समय आ गया है कि हम अपनी सोच और अपने कर्तव्यों को नए सिरे से परिभाषित करें?

# डोनाल्ड ट्रंप बनाम यूरोपीय यूनियन

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश यह महसूस कर रहा है कि अमेरिका में ट्रंप शासन आने के बाद दुनियाँ की परिस्थितियों में परिवर्तन हो रही है, ट्रंप के अमेरिकी फर्स्ट के विज़न के कारण ट्रंप तेजी से ऐसी परिस्थितियों लाने को आतुर हैं, ताकि अमेरिका की आर्थिक स्थिति मजबूत हो, अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो, यूक्रेन की खनिज में हिस्सेदारी तथा रूस के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ाना, व्हाइट हाउस में ट्रंप जेलेंस्की विवाद इत्यादि इसी का ही एक हिस्सा माना जा सकता है, तो उधर 27 देश का संगठन यूरोपीय यूनियन, नाटो, तुर्की इत्यादि पूरी स्थिति को समझ रहे हैं, क्योंकि ईयू को पूरी प्रक्रिया में अलग- थलग किया जा रहा है, नतीजा यह है कि शुक्रवार 28 फरवरी 2025 को व्हाइट हाउस में ज़ेलेंसकी व ट्रंप की गहमागहमी के बाद जैलेंसकी जब सीधे ब्रिटेन लंदन पहुंचे तो उन्हें हाथों- हाथ लिया गया, ईयू नाटो तुर्की उसके साथ खड़े दिखे जबकि दो अन्य देश विरोध कर रहे थे। लंदन में यूरोपीय यूनियन देशों का यूक्रेन जंग मुद्दे पर डिफेंस समिट हुआ, जिसमें यूक्रेन की मदद की बात कीगई व अमेरिका को युद्ध समझौता प्लान देने पर बातचीत हुई। संयोगवश उसी दौरान यूरोपीय यूनियनकी अध्यक्ष 27-28 फरवरी 2025 को भारत दौरे पर थी, जहां विदेश मंत्री व पीएम से सफल चर्चा के बाद रूस ने तंज कसा कि यूरोप भारत की शरण में जा रहा है,यानें भारत का रुतबा बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है, ऐसा मेरा मानना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप बनाम यूरोपीय यूनियन, यूरोपीय देशों में मतभेदों के बीच यूरोपीय यूनियन अध्यक्ष भारत के साथ पींगे बढ़ाने को आतुर? रूस का तंज, भारत की शरण में पूरा यूरोप? जिससे भारत की अहम भूमिका हो गई है।

साथियों बात अगर हम यूरोपीय यूनियन के चर्चा में आने व यूक्रेन को समर्थन करने की करें तो जेलेंस्की के सपोर्ट में कई यूरोपीय देश यूरोप के कई नेताओं ने जेलेंस्की के लिए अपना समर्थन जताया है। नॉर्वे, नीदरलैंड, पोलैंड, यूरोपीय यूनियन, जर्मनी, ब्रिटेन जैसे यूरोपीय देशों के अलावा कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने भी जेलेंस्की के लिए समर्थन जताया।जेलेंस्की शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे थे। जहां दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। ट्रम्प-वेंस और जेलेंस्की एक-दूसरे की तरफ उंगली दिखाते नजर आए। ट्रम्प ने कई बार जेलेंस्की को फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि वो तीसरा विश्वयुद्ध कराने का जुआ खेल रहे हैं।जेलेंस्की ने कहा कि जब आप युद्ध में होते हो, तो सबके साथ परेशानियां होती हैं।भविष्य में इस युद्ध का असर अमेरिका पर भी पड़ेगा।ट्रम्प यह सुनकर झुंझला गए और उन्होंने कहा कि हमें मत बताइए कि हमें क्या महसूस करना चाहिए। यूक्रेन जंग के मुद्दे पर यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट लंदन में हुई, इस बैठक में 15 देशों के राष्ट्र प्रमुख, तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट शामिल हुए। ब्रिटिश पीएम ने गले लगाकर जेलेंस्की का स्वागत किया ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने दो बार यूक्रेनी राष्ट्रपति को गले लगाया। सबसे पहले उन्होंने जेलेंस्की के लंदन पहुंचने पर गले लगाकर उनका स्वागत किया, फिर डिफेंस समिट में जेलेंस्की के पहुंचने पर दूसरी बार गले लगाया।इससे पहले जब जेलेंस्की शनिवार को इंग्लैंड पहुंचे तो सड़कों पर लोगों ने जेलेंस्की के सपोर्ट में जोरदार नारे लगाए। स्टार्मर ने उन्हें रिसीव किया और कहा कि आपको पूरे ब्रिटेन का सपोर्ट हासिल है। हम आपके और यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें कितना भी वक्त क्यों न लग जाए। जेलेंस्की ने इस सपोर्ट के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। यूक्रेन के सपोर्ट के मुद्दे पर यूरोपियन यूनियन के अंदर भी दरार नजर आ रही है। स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको का कहना है कि वो यूक्रेन को आर्थिक और सैन्य तौर पर मदद नहीं देंगे। यूक्रेन कभी भी सैन्य ताकत के दम पर रूस को बातचीत के टेबल पर नहीं ला पाएगा। इससे पहले हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने भी जेलेंस्की के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का सपोर्ट किया है। व्हाइट हाउस में दोनों के बीच हुई बहस के बाद उन्होंने ट्रम्प को मजबूत और जेलेंस्की को कमजोर कहा था। उन्होंने ट्रम्प का धन्यवाद भी किया था। ब्रिटेन ने यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया। इसके लिए शनिवार को ब्रिटिश पीएम स्टार्मर और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समझौते पर साइन किए।

# लोक नृत्य, कला संस्कृति, नृत्य संगीत में राजस्थान अग्रणी प्रदेश

**वैसे तो हिंदुस्तान के सभी प्रदेशों की कला संस्कृति, नृत्य संगीत से भरपूर है, लेकिन राजस्थान को इस क्षेत्र का अग्रणी प्रदेश कहना ही उचित होगा। मेले उत्सवों की बहुतायत तो यहां है ही ऐसा लगता है कि यहां के रहवासी रंग-बिरंगे परिधान, संगीत और मनमोहक नृत्यों में डूबने का अवसर खोजते रहते हैं। अन्य राज्यों की अपेक्षा राजस्थान में नृत्यों की भी भरमार है।**

उत्साह का संचार करते ये लुभावने नृत्य देखने वालों का वरवस ही मन मोह लेते हैं। राजस्थान का हर नृत्य प्रत्येक नृत्य किसी विशिष्ट मौके से जुड़ा हुआ होता है। कुछ मुख्य नृत्य है--- घूमर, गैर, डांडिया, तेराताल, चरी, कच्ची घोड़ी कालबोलिया, भवई भोपा - भोपी आदि।

घूमर --राजस्थान का सबसे ज्यादा लोकप्रिय नृत्य घूमर महिलाओं द्वारा किया जाता है। जिसमें जितनी अधिक महिलाएं होती हैं यह उतना ही मोहक लगता है। गोलाई में दायींओर अग्रसर होता है यह नृत्य आठ मात्रा की कहरवा तल पर धीरे-धीरे आगे बढ़ता है। गोलाई में घूमने के साथ-साथ महिलाएं अपनी जगह पर भी चक्कर लगाती हैं कभी दायी ओर तो कभी बाई ओर से, ऐसे घूमते हुए उनके घेरदार रंग-बिरंगे घागरे फैल से जाते हैं जो बहुत ही आकर्षक दिखाई देते हैं। धीरे-धीरे संगीत की गति तेज होने के साथ-साथ महिलाओं के घूमने की गति भी बढ़ती जाती है, खासतौर से गणगौर और अन्य पर्वों पर किए जाने वाले इस नृत्य के साथी संगीत वाद्य है- हारमोनियम, ढोलक, सारंगी, तबला और मंजीरे।

**गैर:** होली के मौके पर किए जाने वाला यह नृत्य सिर्फ पुरुषों द्वारा किया जाता है। मेवाड़ क्षेत्र में उक्त नृत्य काफी लोकप्रिय है। घूमर नृत्य से जुगलबंदी का यह घूमर गैर के रूप में भी प्रसिद्ध हुआ है। नृर्तक अपने हाथों में दो डांडिया लेकर गोलाकार में खड़े हो जाते हैं। संगीत के साथ घूमते हुए वे सर्वप्रथम अपने दायी ओर के साथी से डांडिया बजाते हैं। फिर आपस में अपनी ही, फिर घूम कर बायी ओर वाले से फिर अपनी ... और इसी तरह ये सिलसिला चलता रहता है,, साथ ही, वे गोलाई में भी घूमते रहते हैं जिसकी गति धीरे-धीरे तेज होती जाती है, विशेषता समाप्ति की ओर।

**डांडिया :** उक्त नृत्य भी पुरुषों द्वारा होली के मौके पर किया जाता है। स्त्रियां इस दौरान शौर्य और राजपूतों की वीर गाथाएं गाती है। सभी नृर्तक राजपूती योद्धा की वेशभूषा में होते हैं-- लंबा घेरदार जामा पहना हुए उनके दोनों हाथों में रहती है। एक -एक डांडिया, गोलाई में खड़े हो वे अपने दाएं हाथ की डांडिया दायीं और खड़े साथी की डांडिया से बजाते हैं और बाएं हाथ की बायीं ओर खड़े साथी से, एक बार अद्ध या पूर्ण घूम कर यह चक्र फिर दोहराया जाता है।



**तेराताल :** यह नृत्य की बारीकी और महारथ की परीक्षा ही है। एक या अधिक नर्तकियां हाथों में धागे से बंधे मंजीरे पड़कर शरीर के अन्य भागों पर बंधे मजीरों को बजाती है। तेराताल नृत्य में अधिकाधिक आकर्षण उत्पन्न करने के लिए वे कभी अपने मुंह में तलवार पकड़ लेती हैं तो कभी सिर पर दीप या मटके रख लेती है। कुछ भी हो मंजीरे बिना रुके बजते रहते हैं, साथ में तंदूरा, खड़ताल और मंजीरे की ताल पर योद्धा गुरु रामदेव की प्रशंसा में गीत गाए जाते हैं।

**कालबेलिया:** कालबेलिया जाति की महिलाओं द्वारा किए जाने वाला यह नृत्य सपेरा नृत्य भी कहलाता है। काले रंग की लहंगा ओढ़नी पहनकर जब नृत्यांगना सांप की तरह बल कर नृत्य करती है तो दर्शक जैसे सम्मोहित से रह जाते हैं, जयपुर की गुलाबी इस नृत्य में पारंगत है और देश-विदेश में इसके लिए काफी लोकप्रिय भी है।

**भवई :** उदयपुर के जाट नागाजी द्वारा बनाई भवई जाति का यह प्रमुख नृत्य सामाजिक पहलुओं पर नृत्य नाटिका के रूप में किया जाता है, सटीक व्यंग्य इसकी खासियत है।

**चरी :** यहां नृत्य मटकों और जलते दीपों का नृत्य है। सिर पर पांच -सात मटके संतुलित कर नर्तकियां गोलाकार में खड़े हो, बहुत ही लुभावना नृत्य करती है मेले त्योहारों आदि के मौकों पर यह नृत्य कच्ची घोड़ी के साथ किया जाता है।

**भवई-कच्ची घोड़ी :** समुचे राजस्थान और खासकर जोधपुर और बीकानेर में प्रचलित यह नृत्य वर्तमान समय में भी काफी लोकप्रिय है, लकड़ी और कागज से बनी सुंदर घोड़ियां और उन में सवार राजपूती परिधान में सजे नर्तक, साथ में होता है ढोल, झांझर और तसली का संगीत।

**भोपा-भोपी :** यह एक युवक और एक युवती या ऐसे अनेक जोड़ों का नृत्य है। खासतौर से छेड़छाड़ करने और रुठने -मनाने के इस नृत्य का मकसद दर्शकों का मनोरंजन ही है। इन सबसे सबके अतिरिक्त और भी अनेक नृत्य है जो उल्लेखनीय है जैसे कमल नृत्य ,पनिहारी नृत्य, मयूर नृत्य, चकरी नृत्य, जसनाथी साधकों द्वारा जलते अंगारों पर अग्नि नृत्य, बोतल, तलवार या टूटे कांच पर नृत्य आदि ,इन सबकी लोकप्रियता इस बात का प्रतीक है कि चाहे आधुनिकीकरण कितनी भी आंधी आए हमारी स्वर्णिम संस्कृति का सौंदर्य अपने लोकाधार पर मजबूती के साथ हमेशा टिका रहेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राकेश व्यास द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप , 11 प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन -1 , एमपी नगर , भोपाल - 462011 ( मप्र ) से मुद्रित एवं प्लाट नम्बर 3, साई दिशा कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। प्रधान संपादक राकेश व्यास, मो : - 09977701999, समूह संपादक सुनील दत्त तिवारी, मो :- 9713 289999, संपादक- ऋषिकान्त सिंह ( रजत ) परिहार , मो :- 09425002527, फोन: 0755-4222349, ईमेल आईडी: madhyaswarnim@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार होंगे। आरएनआई रजिस्टर्ड क्रमांक:- MPHIN/2013/52452

# आंदोलनरत किसानों के चंडीगढ़ कूच को देखते हुए सभी बॉर्डर सील

## पुलिस अलर्ट, एसकेएम के नेतृत्व में हो रहा है आंदोलन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

पंजाब के किसान अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसके चलते किसान चंडीगढ़ कूच करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेतृत्व में यह आंदोलन हो रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर चंडीगढ़ पुलिस ने सभी बॉर्डर को सील कर दिया गया है और यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई है। भारतीय किसान यूनियन (एकता-उघराहां) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उघराहां ने किसानों से अपील की है कि वे सड़कों, राजमार्गों और रेलवे पटरियों को अवरुद्ध न करें और जहां उन्हें रोका जाता है, वहीं सड़क किनारे धरना दें। एसकेएम ने पंजाब सरकार पर विरोध के अधिकार को दबाने का आरोप लगाया है। आंदालनरत किसानों की प्रमुख मांगों में कृषि नीति के क्रियान्वयन, भूमिहीन मजदूरों को भूमि वितरण और किसानों की कर्ज माफी शामिल हैं। प्रशासन ने प्रदर्शन के लिए अभी तक कोई निर्धारित स्थान आवंटित नहीं किया है, जिससे तनाव बढ़ने की आंशका व्यक्त की जा रही है।

# भूकंप से हिले नॉर्थ-ईस्ट के कई राज्य, तीव्रता 5.6 मापी गई, घबराए लोग घरों से बाहर निकले

## भूकंप के कारण असम के अलावा मणिपुर और नागालैंड में भी धरती में कंपन महसूस किए गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



असम और मणिपुर समेत पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में बुधवार सुबह करीब 11 बजे के आस-पास भूकंप के तेज झटकों से लोगों में भय का वातावरण निर्मित हो गया। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.6 मापी गई है। भूकंप के कारण असम के अलावा मणिपुर और नागालैंड में भी धरती में कंपन महसूस किए गए। राहत की बात यह रही कि भूकंप से किसी तरह के जान-माल का नुकसान होने की कोई खबर नहीं है। बुधवार सुबह करीब 11.06 बजे भूकंप के झटके महसूस होने पर लोग भयभीत हो गए और अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। पूर्वोत्तर भारत के मणिपुर के याइरीपोक इलाके में भूकंप से धरती कांपी है। जानकारी अनुसार स्थानीय समयानुसार ठीक 11:06 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.6 तीव्रता का एक मध्यम भूकंप का झटका महसूस किया गया। इसकी गहराई धरती के अंदर 44 किलोमीटर बताई गई, और इसका केंद्र याइरीपोक शहर से 44 किलोमीटर पूर्व में बताया गया।

मणिपुर में भूकंप के झटकों से घरों की दीवारें हिल गईं और खिड़कियों के शीशे खड़खड़ाने लग गए। इससे डरकर कुछ लोग घरों से बाहर खुले मैदानों की ओर भाग निकले। बताया जा रहा है कि भूकंप के झटके असम और मणिपुर के अलावा पूर्वोत्तर के कई राज्यों समेत सीमा पार के कुछ इलाकों में भी महसूस किए गए। राहत की बात यह रही कि इस भूकंप के कारण किसी प्रकार के जान-माल को नुक्सान होने की कोई खबर नहीं आई है। यहां बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों में उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पिछले दिनों दिल्ली में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। इससे सभी लोगों में भय व्याप्त है और सरकार ने सावधानी बरतने की समझाइश दी है। इससे पहले पिछले 28 फरवरी को असम में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। उस समय भूकंप की तीव्रता 5.0 रिक्टर स्केल मापी गई थी।

# पीएम मोदी फिर दो दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे

## 7 को सूरत तो 8 मार्च को नवसारी में संबोधित करेंगे जनसभा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर गुजरात दौरे पर जा रहे हैं। वे 7 और 8 मार्च को राज्य के सूरत और नवसारी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान वे सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात करेंगे और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 7 मार्च को सूरत के लिंबायत इलाके के नीलगिरी ग्राउंड में एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे सरकारी योजनाओं के तहत वृद्ध लाभार्थियों को विशेष किट वितरित करेंगे। इसके बाद वे सूरत के सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन, 8 मार्च को पीएम मोदी नवसारी जाएंगे, जहां वे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस मौके पर वे महिलाओं के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का शुभारंभ कर सकते हैं। नवसारी में भी वे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसके बाद वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। गौरतलब है कि इससे पहले, 1 मार्च को पीएम मोदी तीन दिवसीय निजी दौरे पर गुजरात पहुंचे थे, जहां उन्होंने सौराष्ट्र के विभिन्न जिलों का दौरा किया था। उन्होंने जामनगर, गिर और जूनागढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और सोमनाथ मंदिर के दर्शन भी किए थे।

# ब्लू घोस्ट लैंडर चांद पर उतरा, चांद की सतह पर उगते सूरज की भेजी तस्वीर

## अमेरिका की प्राइवेट कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस ने दिया इस कारनामे को अंजाम

**टेक्सास (एजेंसी)।**



अमेरिका की प्राइवेट कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस का चंद्रयान ब्लू घोस्ट लैंडर 2 मार्च को चांद की सतह पर उतार दिया। वहां से इसने चांद की सतह पर उगते सूरज की शानदार तस्वीरें भेजी है, जिसे फायरफ्लाई ने एक्स पर पोस्ट की है। बता दें कि 'इंट्यूटिव मशीन्स' के अंतरिक्ष यान को भी बीते बुधवार को चंद्रमा की यात्रा के लिए प्रक्षेपित किया था। इस यान का लक्ष्य ड्रोन के साथ चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर 'जेट-ब्लैक क्रेटर' के करीब पहुंचना है। चंद्रमा के इस हिस्से पर सूरज की रोशनी नहीं पड़ती है। 'इंट्यूटिव मशीन्स' के अंतरिक्ष यान का नाम 'एथेना' है। यान को नासा के 'कैनेडी स्पेस सेंटर' से निजी अमेरिकी वांतरिक्ष और अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी 'स्पेसएक्स' ने प्रक्षेपित किया। इससे पहले कभी भी इतने सारे अंतरिक्ष यान एक साथ चंद्रमा पर नहीं पहुंचे थे। पिछले महीने, अमेरिका और जापान की कंपनियों ने एक ही रॉकेट की मदद से अपने-अपने चंद्रयान को प्रक्षेपित किया था। टेक्सास स्थित 'फायरफ्लाई एयरोस्पेस' का चंद्रयान भी इस दौड़ में शामिल है। नासा अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर फिर से भेजने की तैयारी कर रहा है। नासा के विज्ञान मिशन की प्रमुख ने प्रक्षेपण से कुछ घंटे पहले कहा था कि यह एक अद्भुत समय है। वैज्ञानिकों में जोश है। अंतरिक्ष प्रणालियों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि निश्चित रूप से हम इस बार पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेंगे लेकिन आप कभी नहीं जान सकते कि क्या हो सकता है।

# तेज हवाओं ने दिल्ली-एनसीआर में घोली ठंडक, राजस्थान भी हुआ सर्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



नई दिल्ली। देशभर में मौसम का मिजाज बहुत तेजी से बदल रहा है। उत्तर भारत में ठंडी हवाओं ने एक बार फिर सर्दी का एहसास कराया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी और बारिश जारी है, जिससे मैदानी इलाकों में भी ठंडक बढ़ गई है। दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के कारण मौसम ठंडा बना हुआ है। 5 से 8 मार्च तक आसमान साफ रहेगा, लेकिन ठंडी हवाओं का असर महसूस किया जाएगा। पंजाब और हरियाणा में भी मौसम सुहावना बना हुआ है। उत्तर प्रदेश में ठंड और कोहरा लगभग खत्म हो चुका है। दिन में तेज धूप से गर्मी महसूस हो रही है, लेकिन शाम को ठंडी हवाएं राहत देती हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को 20 से 30 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की है। बिहार में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है और ठंड पूरी तरह खत्म हो गई है। हालांकि, 8-9 मार्च को कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है, लेकिन गर्मी का असर तब भी जारी रहेगा।

# रान्या राव तस्करी करती पकड़ाई बेल्ट में छिपा रखी थी सोने की छड़ें

## पुलिस ने गिरफ्तार कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



सैंडलवुड अभिनेत्री रान्या राव को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। रान्या दुबई से बेंगलुरु पहुंची थीं और उनके पास 14 किलोग्राम सोने की छड़ें मिलीं जो एक बेल्ट में छुपा कर रखी गई थीं। ये बेल्ट उनके शरीर से बंधी थी। इसके अलावा, उनके पास 800 ग्राम सोने के आभूषण भी मिले हैं। मंगलवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जांच अधिकारियों को शह है कि वह बेंगलुरु हवाईअड्डे के जरिए सक्रिय रूप से संचालित एक सोने की तस्करी गिरोह का हिस्सा हैं। फिल्मों में कर चुकी रान्या राव (32) आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की बेटी हैं, जोकि कर्नाटक में पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के डीजीपी हैं। अभिनेत्री ने कन्नड़ फिल्मों माणिक्य और पटाखी में काम किया है। इसके अलावा, वह तमिल फिल्म वागाह में विक्रम प्रभु के साथ नजर आई थीं। सूत्रों के हवाले से लिखा है कि रान्या की बार-बार की गई अंतरराष्ट्रीय यात्राओं ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है। इस साल की शुरुआत से उन्होंने 10 से ज्यादा बार विदेश यात्राएं की हैं। एक अधिकारी ने बतायाकि डीआरआई को शक हुआ जब उन्होंने देखा कि रान्या लगातार छोटे-छोटे अंतराल में गल्फ देशों की यात्राएं कर रही हैं।

# बिजनेस

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### एण्डटीवी ने नई उपब्धि हासिल की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी शो भाबीजी घर पर हैं! जिसे संजय और बिनैफर कोहली ने एडिट 2 के तहत प्रोड्यूस किया है, ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वर्ष 2015 में अपने प्रीमियर के बाद से, यह शो अपने जबरदस्त हास्य, मजेदार डायलॉग्स और यादगार किरदारों के साथ दर्शकों का पसंदीदा बन चुका है। इस उल्लेखनीय सफर का जश्न मनाने के लिए, कलाकारों और क्रू मेंबर्स ने देहरादून की खूबसूरत वादियों में एक भव्य समारोह आयोजित किया, जहां उन्होंने शो की 10वीं सालगिरह पर एक विशेष केक भी काटा। इस खास अवसर पर, पूरी टीम ने शो से जुड़े यादगार पलों के बारे में बात की और दिल से आभार जताया। माहौल खुशी, खूबसूरत यादों और दर्शकों के बेइंतहा प्यार से सराबोर था, जिन्होंने इस शो को पूरे 10 साल तक अपना भरपूर प्यार दिया। अपनी खुशी जाहिर करते हुए, निर्माता बिनैफर कोहली ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचना हमारे लिए बेहद गर्व और भावनाओं से भरा पल है।

### गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स ने बनाया 'ट्रस्ट' का नया प्रतीक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्रीन ब्यूटी के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर और हेयर कलर में इंडिया-फर्स्ट इनोवेशन करने वाली कंपनी, गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स ने क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी सा सिंह धोनी के साथ अपने सहयोग की घोषणा की है। यह कैम्पेन भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड गार्नियर के साथ हेयर कलर्स में विश्वास स्थापित करने में नई राह खोलेगा। जिस तरह धोनी ने अपने प्रशंसकों का दिल जीता है, फिर बात उनके अडिग नेतृत्व की हो, बेबाक बातचीत की हो या हमेशा बदलते लुक की। प्रशंसकों को पूरा भरोसा है कि धोनी हर समय सही निर्णय लेते हैं। इसी तरह गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स भी एक दशक से अधिक समय से लाखों भारतीयों के जीवन को प्रभावित कर रहा है और उनके प्राकृतिक दिखने वाले हेयर कलर का राज बन चुका है। यह कैम्पेन भारत के दो सबसे भरोसेमंद ब्रांड – धोनी और गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स – को एक साथ लाकर का नया बैज तैयार करने का प्रतीक है।

### सेंसोडाइन ने रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेंसोडाइन), जो हेलियोन (पहले ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) का एक जानामाना ओरल केयर ब्रांड है, उसने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रूपये के छोटे टूथपेस्ट पैक बाँटे जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा। यह रिकॉर्ड सेंसोडाइन), के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरुआत भी करता है, जिसका लक्ष्य लोगों को बेहतर ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए जागरूक करना है। सेंसोडाइन (सेंसोडाइन), पिछले 10 सालों से भी ज्यादा समय से लोगों को दांतों की सेंसिटिविटी पहचानने और सही समय पर उसके लिए कदम लेने के लिए जागरूक कर रहा है। इस दौरान, ब्रांड ने पूरे भारत में चिल टेस्ट किए हैं, जिससे लाखों लोगों को उनकी समस्या को समझ कर उसके लिए कदम लेने और फिर से अपने पसंदीदा खाने का लुत्फ़ उठाने में मदद मिली है।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद, सेंसेक्स 740 अंक, निफ्टी 254 अंक उछला

## अच्छे संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में खरीददारी हावी रही

**मुंबई (एजेंसी)।**



भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। इससे पिछले दिनों से जारी गिरावट पर अंकुश लग गया। बाजार में ये तेजी एशियाई सहित दुनिया भर के बाजारों से मिल अच्छे संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आई है। इससे बाजार में सकारात्मक माहौल बना। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 740.30 अंक करीब 1.01 फीसदी बढ़कर 73,730.23 पर जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 254.65 अंक तकरीबन 1.15 फीसदी ऊपर आकर 22,337.30 पर बंद हुआ वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 2.96 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप100 इंडेक्स भी 2.42 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार आज निचले स्तरों पर खरीदार से बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में तेजी से भी घरेलू बाजारों पर अच्छा प्रभाव पड़ा। इसके अलावा आईटी शेयरों में उछाल ने भी बाजार को बल मिला। आज कारोबार के दौरान निफ्टी 50 के 50 शेयरों में से 46 आज बढ़त में बंद हुए। अदानी पोर्ट्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। इसमें 5 फीसदी की तेजी आई। टाटा स्टील, अदानी एंटरप्राइजेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन 5.15 फीसदी तक बढ़े। वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, इंडियन बैंक, एचडीएफसी बैंक और राम फाइनेंस 3.37 के शेयरों में गिरावट रही। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ लगाने के फैसले से वहां गिरावट आई है। एसएंडपी 500 में 0.7 फीसदी की गिरावट आई, नैस्डैक में 0.6 फीसदी की गिरावट आई और डॉव में 423 अंक या 1 फीसदी की गिरावट आई। इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स मामूली बढ़त लेकर 73,005.37 पर खुला। इसी तरह निफ्टी50 भी बढ़त में खुला।

# जोमेटो और स्विगी के निवेशक होंगे मालालाल

**मुंबई (एजेंसी)।** शेयर बाजार में अगर आप स्विगी और जोमैटो के निवेशक मालामाल हो सकते हैं। दोनों शेयरों में अगले एक साल में 127 फीसदी तक के रिटर्न का अनुमान जताया गया है। एक ब्रोकरेज फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि स्विगी का टारगेट प्राइस 740 रुपये प्रति शेयर और जोमैटो का टारगेट प्राइस 310 रुपये प्रति शेयर रखा है। अगर ये दोनों टारगेट प्राइस हासिल होते हैं तो स्विगी के शेयरों मौजूदा स्तर से 127 फीसदी तक की तेजी देखने को मिल सकती है, जबकि जोमैटो के शेयरों में 40 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन कंपनियों में डिस्काउंट देने का ट्रेंड अब अपने पीक लेवल से नीचे आ चुका है, जो नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच सबसे ऊंचे स्तर पर था। इसके अलावा कंपनियां अब छोटे ऑर्डर्स पर डिस्काउंट देने की बजाय, बड़े ऑर्डर वॉल्यूम को बढ़ावा दे रही हैं। दोनों कंपनियों के परफॉर्मेंस मार्केटिंग खर्चों में भी कटौती हुई है, जिससे संकेत मिलता है कि कंपनियां अब टिकाऊ ग्रोथ की ओर बढ़ रही हैं। अगर ये दोनों टारगेट प्राइस हासिल होते हैं तो स्विगी के शेयरों मौजूदा स्तर से 127 फीसदी तक की तेजी देखने को मिल सकती है, जबकि जोमैटो के शेयरों में 40 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है।

# एचपीसीएल और टाटा मोटर्स ने कमर्शियल गाड़ियों की के लिए जेन्युन डीईएफ लॉन्च किया

**मुंबई (एजेंसी)।**

महारत्न तेल कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और भारत की बड़ी कमर्शियल गाड़ियों की निर्माता टाटा मोटर्स ने मिलकर को-ब्रांडेड जेन्युन डीजल एग्जॉस्ट फ्लूड (डीईएफ) लॉन्च किया है। यह खास फ्लूड डीजल गाड़ियों के कार्बन उत्सर्जन को कम करने, परफॉर्मेंस बेहतर बनाने और इंजन की एफिशिएंसी बढ़ाने में मदद करेगा। बीआईएस से मान्यता प्राप्त फैक्ट्रियों में तैयार यह हाई-क्वालिटी डीईएफ इंडस्ट्री के उच्च मानकों का पालन करता है। इसे एचपीसीएल के 23,000 पेट्रोल पंपों के जरिए पूरे देश में उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि ग्राहकों को आसानी से और बिना किसी परेशानी के यह प्रॉडक्ट मिल सके। डीईएफ बीएस-6 मानकों वाली डीजल गाड़ियों के लिए एक जरूरी लिक्विड है। यह गाड़ियों से निकलने वाले हानिकारक नाइट्रोजन ऑक्साइड को सुरक्षित नाइट्रोजन और पानी में बदलकर प्रदूषण कम करने में मदद करता है। टाटा मोटर्स के ग्राहक इस को-ब्रांडेड जेन्युन डीईएफ का इस्तेमाल करके अपनी गाड़ी की परफॉर्मेंस को बेहतर बना सकते हैं। इससे न सिर्फ गाड़ी पर्यावरण के अनुकूल बनती है, बल्कि यह भारतीय मानक ब्यूरो के प्रदूषण नियंत्रण नियमों पर भी पूरी तरह खरी उतरती है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के मार्केटिंग डायरेक्टर अमित गर्ग ने लॉन्च पर कहा एचपीसीएल में हम मोबिलिटी सेक्टर में नवाचार एवं स्थायित्व को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। को-ब्रांडेड डीजल एग्जॉस्ट फ्लूड (डीईएफ) के लिए टाटा मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी वायु प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन के साधन प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारा लक्ष्य एचपीसीएल के 23 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंपों के विस्तृत नेटवर्क और टाटा मोटर्स की तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाकर उपभोक्ताओं को बेहतर, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करना है ताकि हम एक हरे-भरे भविष्य में योगदान दे सकें। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहा कि एचपीसीएल के साथ यह साझेदारी कमर्शियल गाड़ियों की इंडस्ट्री के लिए नए और पर्यावरण के अनुकूल समाधान देने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में अगला कदम है।

## नथिंग ने दो स्मार्टफोन भारत में लांच किए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नथिंग ने फ़ोन (3ए) सीरीज़ पेश की, जो एडवांस्ड फ़ीचर्स के साथ अपने मिड-रेंज लाइनअप को और बेहतर बनाती है। बहु-चर्चित फ़ोन (2ए) पर आधारित, इसमें है ऑप्टिकल जूम के साथ एक एडवांस्ड ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, एक दमदार स्नैपड्रैगन प्रोसेसर, एक उज्ज्वल, ज़्यादा रिस्पॉन्सिव डिस्प्ले और आवश्यक स्थान जैसे नथिंग ओएस नवाचार — ये सब दो खास बेहतर डिज़ाइनों में आ रहे हैं। फ़ोन (3ए) और फ़ोन (3ए) प्रो दोनों में ही ज़्यादा सोफ़ेस्टिकेटेड लुक और फ़ील है, जिसमें अपग्रेडेड ग्लास बैक पैनल, इनटर्नल संरचना में बढ़ी हुई समरूपता और फ़िनिश में परिष्कृत विज़ुअल डिटेल्स और तत्व शामिल हैं। इसके अलावा, फ़ोन (3ए) सीरीज़ ने अपनी टिकाऊपन को भी आईपी64 रेटिंग में अपग्रेड किया है। जब कैमरे की बात आती है, तो नथिंग ने फ़ोन (3ए) सीरीज़ में अब तक का सबसे एडवांस्ड कैमरा सिस्टम पेश किया है। फ़ोन (3ए) में पहली बार ऑप्टिकल जूम के साथ एक अपग्रेडेड 50एमपी मेन सेंसर और एक सोनी अल्ट्रा-वाइड सेंसर की सुविधा होगी। फ़ोन (3ए) के टेलीफ़ोटो कैमरे में 50 मिमी समतुल्य फोकल लेन्थ पर विस्तृत शॉट्स के लिए तेज़ एफ/2.0 अपर्चर के साथ एक दमदार 50एमपीसेंसर है।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.04 रुपये पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़कर 87.10 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क बढ़ाने से वैश्विक बाजारों में एक जवाबी प्रतिक्रया शुरू हो गई है। इसके चलते डॉलर में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक व्यापार युद्ध की आशंका वित्तीय दुनिया को जकड़े हुए है, इसलिए रुपये में थोड़ी नकारात्मक प्रवृत्ति के साथ कारोबार का अनुमान है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.18 पर खुला।

# सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप एनएफओ लांच करेगा

**मुंबई (एजेंसी)।**


सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सी.ए.आर.ई. का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। उच्च गुणवत्ता, विकास-संचालित अवसरों की पहचान करने के लिए मोमेंटम स्ट्रेटेजी का उपयोग होगा। लार्ज-कैप सेगमेंट एक पसंदीदा निवेश माध्यम बना हुआ है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता और लगातार रिटर्न प्रदान करता है। भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर है, लार्ज-कैप फंडों ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है, जो मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ स्थापित व्यवसायों द्वारा समर्थित है। निवेशक जोखिम और रिवॉर्ड को संतुलित करना चाहते हैं। एक अच्छी तरह से संरचित लार्ज-कैप पोर्टफोलियो दीर्घकालिक धन सृजन का एक महत्वपूर्ण घटक बना हुआ है। सैमको लार्ज कैप फंड को प्रोपराइटरी सी.ए.आर.ई. का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बाजार प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर गतिशील रूप से शेयरों का चयन करता है। यह फंड लार्ज-कैप इक्विटी में न्यूनतम 80 प्रतिशत एक्सपोजर के साथ उच्चतम एसेट अलोकेशन सुनिश्चित करता है, जिससे निवेशकों को अच्छी तरह से स्थापित और मौलिक रूप से मजबूत व्यवसायों तक पहुंच मिलती है। बाजार की अस्थिरता को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए फंड निवेशक पूंजी की सुरक्षा के लिए सामरिक हेजिंग और डेरिवेटिव रणनीतियों को एकीकृत करता है। सी.ए.आर.ई. का उपयोग करना मोमेंटम स्ट्रेटेजी के तहत फंड ऐसे शेयरों का चयन करता है जो मजबूत मूल्य एक्शन, राजस्व वृद्धि और कमाई में तेजी का प्रदर्शन करते हैं। बहुआयामी प्रणालीयह सुनिश्चित करती है कि मंदी के दौरान लचीलापन बनाए रखते हुए पोर्टफोलियो उच्च-विकास के अवसरों के साथ जुड़ा रहे।

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 69 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने कहा है कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 69 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो 98 बिलियन डॉलर (2004-2014) से बढ़कर 165 बिलियन डॉलर (2014-2024) हो गया है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सरकार ने 2025-26 में पीएलआई योजना के तहत प्रमुख क्षेत्रों के लिए बजट आवंटन बढ़ाया है, जिससे घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है। अगस्त 2024 तक, कुल 1.46 लाख करोड़ रुपए का वास्तविक निवेश मिला है, अनुमान है कि यह आंकड़ा अगले साल के भीतर 2 लाख करोड़ रुपए को पार कर जाएगा। इन निवेशों से उत्पादन और बिक्री में वृद्धि हुई है, जो 12.50 लाख करोड़ रुपए है, जबकि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 9.5 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं, निकट भविष्य में यह संख्या बढ़कर 12 लाख होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रों में शानदार वृद्धि हुई है, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी हार्डवेयर के लिए आवंटन 5,777 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,000 करोड़ रुपए हो गया है और ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट में 346.87 करोड़ रुपए से 2,818.85 करोड़ रुपए तक की वृद्धि हुई है। सरकार के मुताबिक कपड़ा क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है, जिसका आवंटन 45 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,148 करोड़ रुपए हो गया है।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### आईपीएल के पहले मैच में कप्तानी करते दिखेंगे सूर्या



**मुम्बई ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पांड्या हालांकि इस मैच में नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण उनपर पिछले सत्र में लगा एक मैच का निलंबन है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई की कप्तानी करते दिख सकते हैं। मुंबई इंडियंस का पिछले सत्र में प्रदर्शन काफी खराब रहा था। तब हार्दिक पांड्या पर लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हुए अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के बाद धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था और इसी कारण आईपीएल 2025 में फ्रेंचाइजी के पहले मैच से भी निलंबित कर दिए गए थे। सीजन में तीसरी बार मुम्बई ओवर गति से पीछे रहा, जिसके कारण उनके कप्तान पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया। यही वजह है कि वह इस बार पहले मैच में हार्दिक खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। हालांकि उनकी जगह टीम की कमान किसे मिलेगी, इसके बारे में फ्रेंचाइजी ने अभी घोषणा नहीं की है पर माना जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव हार्दिक की जगह टीम की कमान संभाल सकते हैं। सूर्यकुमार यादव भारतीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं। सीसीआई ने रविवार आईपीएल के 18वें सीजन का शेड्यूल जारी किया। बीसीसीआई के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में 13 स्थानों पर कुल 74 मैच खेले जायेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का आगाज ईडन गार्डंस में 22 मार्च को गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच मुकाबले से होगा।

### खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरु होगा



**गुलमर्ग ( एजेंसी )।** जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल (केआईडटल्यूजी) 2025 के दूसरे चरण का आयोजन अब नये कार्यक्रम के अनुसार इसी माह नौ से 12 मार्च तक होगा। पहले ये खेल फरवरी में रखे गये थे पर कम बर्फबारी के कारण तब इनका आयोजन टाल दिया गया था। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उसने नौ से 12 मार्च तक खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 की मेजबानी की पूरी तैयारी कर ली है। इस टूर्नामेंट में देशभर के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। यह शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण है जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। वहीं इससे पहले खेलों का पहला चरण इसी साल जनवरी में लद्दाख के लेह जिले में आयोजित किया गया था जहां आइस-स्केटिंग और आइस-हॉकी स्पर्धाओं का आयोजन हुआ था।

### आईपीएल में जियोस्टार को एक अरब दर्शकों तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल 2025 के लिए तैयारियों जोरों पर हैं। इस टूर्नामेंट के लिए आईपीएल की आधिकारिक प्रसारणकर्ता और स्ट्रीमिंग पार्टनर जियोस्टार का लक्ष्य एक अरब दर्शकों तक पहुंच बनाना है। इसके साथ ही उसने विज्ञापन की दरें भी बढ़ा दी हैं। जियोस्टार के तहत काम करने वाले स्टार स्पोर्ट्स पर पिछले आईपीएल को 525 मिलियन लोगों ने टीवी पर देखा था। वहीं 425 मिलियन लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिये इससे जुड़े। इस बार जियोस्टार अपने नेटवर्क को और भी अधिक मजबूत बना रहा है। आईपीएल 2025 में विज्ञापन दरों में 20-30 फीसदी तक की बढ़त आई। इस साल 10 सेकंड के विज्ञापन के लिए 18 लाख से 19 लाख रुपये तक का शुल्क लिया जाएगा। इसका कारण आईपीएल की बढ़ती लोकप्रियता और दर्शकों की संख्या है। जियोस्टार को भरोसा है कि आईपीएल 2025 अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा, और इसे अरबों दर्शक देखेंगे। इसके एक अधिकारी ने , आईपीएल 2025 के लिए विज्ञापनदाताओं में जबरदस्त तेजी है। जिस प्रकार भारत-पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी मैच को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर करोड़ों लोगों ने देखा वैसा ही आईपीएल में भी होने की उम्मीद है। जियोस्टार ने इस साल अपने विज्ञापन शुल्क को 15 फीसदी बढ़ाया है।

### फियाटपे ने मुंबई इंडियंस के साथ करार किया

**मुम्बई ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 के लिए तैयारियों जोरों पर हैं। आईपीएल अब खेल के साथ ही बड़ा करोबार भी बना गया है। इसमें क्रिकेट के रोमांच के साथ ही तकनीक भी जुड़ गयी है। टीम के साथ ही मैदान में आने वाले दर्शकों को भी तेजी से भुगतान के लिए अच्छी सेवाएं मिलेंगी क्योंकि डिजिटल भुगतान की नामी कंपनी फियाटपे ने मुंबई इंडियंस के साथ करार किया है। यह साझेदारी सिर्फ ब्रांडिंग तक ही नहीं रहेगी। इसमें गति, सटीकता और उत्कृष्ट सेवा से पूरा ध्यान रहेगा। फियाटपे को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में तेज़ और सुरक्षित ट्रांजेक्शन्स के लिए जाना जाता है। अब मुंबई इंडियंस के साथ मैदान के भीतर और बाहर भुगतान के मामले वह देखेगी। फियाटपे ने पूरे देश में डिजिटल भुगतान को सरल और सहज बना दिया है। कंपनी का मानना है कि कि हर लेन-देन आसान अनुभव बने, ठीक वैसे ही जैसे क्रिकेट में एक बेहतरीन स्ट्रोक बिना किसी परेशानी के बल्ले से निकलता है। मुंबई इंडियंस की गिनती आईपीएल की सबसे सफल टीमों में होती है। उनकी पहचान सिर्फ जीत से नहीं, बल्कि खेल की बारीकियों को समझने, रणनीतिक फैसले लेने और हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने से है। यही मूल्य फियाटपे भी अपने ग्राहकों को डिजिटल भुगतान के माध्यम से प्रदान करता है। कंपनी का मानना है किजब मैदान पर मुंबई इंडियंस का कोई बल्लेबाज़ चौका या छक्का लगाता है, तो वह जितनी तेज़ी और सहजता से गेंद को बाउंड्री के पार भेजता है, फियाटपे उतनी ही गति और सटीकता से आपके पैसे के लेन-देन को पूरा करता है। फियाटपे को उम्मीद है कि इस करार से उसे काफी लाभ होगा क्योंकि पांच बार की विजेता मुम्बई इंडिया के प्रशंसकों की तादाद काफी बड़ी है।

# रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराया, रचिन-केन ने शतक लगाए

## चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड में होगी जबरदस्त भिड़ंत

**लाहौर ( एजेंसी )।**



न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब टीम का सामना चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भारत से होगा। यह मैच नौ मार्च (रविवार) को दुबई में खेला जाएगा। बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने रचिन रवींद्र और केन विलियमसन की शतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट खोकर 362 रन बनाए।

यह चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास का सबसे बड़ा टोटल है। जवाब में दक्षिण अफ्रीका निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 312 रन बना सकी। उनके लिए डेविड मिलर ने नाबाद शतक जड़ा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। उन्हें पहला झटका मैट हेनरी ने रेयान रिकेल्टन के रूप में दिया जो सिर्फ 17 रन बना सके। इसके बाद मोर्चा कप्तान टेम्बा बावुमा और रासी वान डर डुसेन ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 105 गेंदों में 105 रनों की साझेदारी हुई। मिचेल सैंटनर ने बावुमा को केन विलियमसन के हाथों कैच कराया। वह 71 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, डुसेन चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 69 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद टीम को एक अच्छी साझेदारी की जरूरत थी, लेकिन उनका मध्यक्रम ताश के पत्तों की तरह बिखरता रहा। सेमीफाइनल मैच में डेविड मिलर ने 67 गेंदों में 100* रन बनाए। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का छठा वनडे शतक है। उनके अलावा एडन मार्करम ने 31, हेनरिक क्लासेन ने तीन, वियान मुल्डर ने आठ, मार्को यानसेन ने तीन, केशव महाराज ने एक, कगिसो रबाडा ने 16 और लुंगी एनगिडी ने एक* रन बनाया। कीवियों के लिए मिचेल सैंटनर ने तीन विकेट लिए जबकि मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स ने दो-दो विकेट झटकेष इसके अलावा माइकल ब्रेसवेल और रचिन रवींद्र को एक-एक सफलता मिली।

# अजय जडेजा ने अकरम और वकार पर कसा तंज

## दोनों पाकिस्तानी दिग्गज बोले- अब कुछ भी बोलने लायक नहीं बचे



**दुबई ( एजेंसी )।**

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में जीत से पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में निराशा का माहौल है। वहां के क्रिकेटर्स टीम इंडिया की तारीफ तो कर रहे हैं, लेकिन अपने गम को छिपा नहीं पा रहे हैं। स्पोर्ट्स सेंट्रल के शो डीपी वर्ल्ड ड्रेसिंग रूम में अजय जडेजा ने निराश बैठे पाकिस्तान के दो दिग्गज वसीम अकरम और वकार यूनिस पर तंज कसा। शो की शुरुआत में जैसे ही होस्ट फखरे आलम ने जडेजा का परिचय दिया, उन्होंने टीम इंडिया की तारीफ करनी शुरू कर दी। जडेजा ने कहा- अब यह सामान्य लगने लगा है। पिछले दो ढाई साल में जो भी आईसीसी टूर्नामेंट हुए हैं, हम सभी के फाइनल में पहुंचे हैं। अब इसमें कोई बड़ी बात नहीं। इस पर फखरे आलम ने कहा- क्या आप वसीम अकरम और वकार यूनिस को निशाना बनाकर यह बोल रहे हैं इसके बाद वकार यूनिस ने कहा, हमें इतना मजबूर कर दिया...इतना मजबूर कर दिया कि अब हम कुछ कह भी नहीं सकते। इसके बाद फखरे आलम ने कहा, हमारा दुखी होना बनता है। एक तो हमें फाइनल तक आने नहीं दिया और फिर फाइनल पाकिस्तान में होने नहीं दिया। इसके लिए हम भारत से गुस्सा हैं। जडेजा इस पर भी कहां चुप रहने वाले थे। उन्होंने कहा, हमने इसमें कुछ नहीं किया है। हमने तो आपका साथ दिया है। जहां आपने बैठाया, वहीं बैठे हैं। इसके बाद वसीम अकरम ने विराट कोहली की तारीफ की और कहा कि रन चेज करते हुए 8000+ रन शानदार है।

# ऑस्ट्रेलिया को बाहर करने में किस फील्डर ने निभाई अहम भूमिका, रवि शास्त्री ने अपने अंदाज में बताया

## अगला मैच दबाव वाला होगा, लेकिन अभी तक आप इस टूर्नामेंट की बेस्ट टीम हो

**दुबई ( एजेंसी )।**



भारत ने विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इस जीत में भारत के सभी खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई। बल्लेबाजों से लेकर गेंदबाजों और फील्डर्स ने भी जरूरी योगदान दिए। फील्डर्स ने कई रन बचाए और बेहतरीन कैच भी लिए। इससे टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को कम स्कोर पर रोकने में कामयाब रही। मैच के बाद टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में सर्वश्रेष्ठ फील्डर को मेडल पहनाया गया। हालांकि, इस बार भी खिलाड़ियों के लिए सरप्राइज था। एक दिग्गज ने बेस्ट फील्डर को मेडल पहनाया। दरअसल, मैच के बाद टी दिलीप ने सभी खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में संबोधित किया। उन्होंने कहा- जिस तरह हमने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को बांधे रखा, जिस तरह हमने कंगारुओं को आसानी से दो रन नहीं लेने दिए और जो भी रन उन्होंने दौड़कर लिए, उसके लिए उन्हें मेहनत करनी पड़ी, यह शानदार था। हमने काफी अच्छी फील्डिंग की। दिलीप ने अवॉर्ड के लिए चार खिलाड़ी नामित किए। इनमें श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, शुभमन गिल और विराट कोहली शामिल हैं। इसके बाद दिलीप ने कहा कि अवॉर्ड देने के लिए एक खास गेस्ट को बुलाया गया है।

# आलोचना झेली, पक्षपात के लगे आरोप, अब कोच के तौर पर पहले आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाया

## गौतम गंभीर ने पिछले साल जुलाई में भारतीय टीम के मुख्य कोच पद को संभाला था

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**



सात महीने पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को टीम इंडिया का मुख्य कोच नियुक्त किया। गंभीर राहुल द्रविड़ के सफल कार्यकाल के बाद इस पद पर आए थे। उनके सामने कड़ी चुनौतियां थी। गंभीर की शैली द्रविड़ से काफी अलग थी और ऐसी चर्चा होनी शुरू हो गई थी कि उनके विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों से रिश्ते क्या बेहतर रहेंगे कम समय में ही गंभीर के कार्यकाल की आलोचना होने लगी और उनकी शैली पर भी सवाल खड़े किए गए। गंभीर ने पिछले साल जुलाई में भारतीय टीम के मुख्य कोच पद को संभाला था। गंभीर ऐसे समय पद पर आए जब भारत ने द्रविड़ के कार्यकाल में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था और इस प्रारूप में भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही थी। माना जा रहा था कि हार्दिक पांड्या को टी20 टीम की कमान सौंपी जाएगी, लेकिन कप्तानी सूर्यकुमार यादव को मिली। यह हैरान करने वाला फैसला था, लेकिन टीम इंडिया में गंभीर का दौर शुरू हो चुका था और संभवत: सूर्यकुमार को कप्तानी मिलने में गंभीर की अहम भूमिका रही।

गंभीर ने अपने कार्यकाल की शुरुआत लंका दौरे से की, जहां टीम को तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच खेलने थे। भारत ने सूर्यकुमार की अगुआई में शानदार प्रदर्शन किया और लंका के खिलाफ सीरीज 3-0 से जीती। अब बारी थी वनडे की, जिसमें टीम नियमित कप्तान रोहित के नेतृत्व में उतरी। गंभीर का मानना था कि लंका के खिलाफ वनडे सीरीज में सभी सीनियर खिलाड़ी हिस्सा लें, इसलिए रोहित-कोहली जैसे स्टार खिलाड़ी लंका दौरे का हिस्सा बने।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएगी टीम : गंभीर

## भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अच्छे प्रदर्शन कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर लगता है अब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन से पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुए हैं। गंभीर का मानना है कि टीम रविवार को होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। भारतीय टीम ने पहले सेमीफाइनल में विराट कोहली के 84 रनों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है। इससे पहले टीम ने तीनो लीग मुकाबले भी जीते थे।

गंभीर ने मैच के बाद कहा, 'अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कह सकते कि पूरी तरह से सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया। अभी तक हमने ऐसा नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम 9 मार्च को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में शीर्ष स्तर का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, 'अभी हमें एक मैच और खेलना है। उम्मीद है कि वह सर्वश्रेष्ठ खेल होगा। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और क्रिकेट के मैदान पर बेरहम लेकिन मैदान से बाहर विनम्र रहना चाहते हैं। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अबतक चार स्पिनरों को उतारा है। वहीं अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजने और केएल राहुल को छठे नंबर पर उतारने जैसे कई साहसिक फैसले भी लिए हैं। इसी को लेकर गंभीर ने कहा कि ये बदलाव इसलिए किया गया है ताकि खिलाड़ी कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर अपना सर्वश्रेष्ठ करने प्रेरित हों। गंभीर ने कहा, 'क्रिकेट का मतलब अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना ही है।

# आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लिया

## भारत के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद लिया फैसला

**दुबई ( एजेंसी )।**



ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर स्टीव स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कह दिया। स्मिथ की कप्तानी में ही ऑस्ट्रेलियाई टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरी थी। स्मिथ ने सेमीफाइनल में 73 रनों की अहम पारी खेली पर उनकी टीम के गेंदबाज लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाये।

एकदिवसीय प्रारुप में स्मिथ के करियर को देखते तो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 170 मैचों में 5800 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 164 रन का रहा। स्मिथ ने अपने करियर में कई ऐतिहासिक पारियां खेलीं और दो बार एकदिवसीय विश्वप कप विजेता टीम का वह हिस्सा रहे हैं। स्मिथ ने कहा, यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय सफर रहा। मैंने एकदिवसीय क्रिकेट में कई बेहतरीन यादें बनाई हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि अगली पीढ़ी 2027 एकदिवसीय विश्वकप की तैयारी करे।

स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ 30 एक दिवसीस मैचों में 1383 रन बनाए, जिसमें 5 शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। भारत के खिलाफ उनका प्रदर्शन हमेशा शानदार रहा। वहीं उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 40 मैचों में 1245 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं।

# नॉकआउट मैच के बाद रैंकिंग में भी चमके विराट कोहली, श्रेयस अय्यर को भी हुआ फायदा, शीर्ष-10 में भी चार भारतीय शामिल

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निभाई अहम भूमिका, दो स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। वह दो स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वहीं, सेमीफाइनल मैच में कोहली के साथ 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाने वाले श्रेयस अय्यर ने भी छलांग लगाई है। वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**शीर्ष-10 में चार भारतीय शामिल :** आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीयों का दबदबा है। पहले स्थान पर 791 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल मौजूद हैं। वह पिछले हफ्ते बाबर आजम को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचे थे। चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा को दो पायदानों का नुकसान हुआ है, लेकिन वह शीर्ष पांच में मौजूद हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (195 रन) एक स्थान की छलांग लगाने में कामयाब हुए।

**जादरान को मिला शतकीय पारी का लाभ :** विराट कोहली मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 72.33 के औसत और 83.14 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था। वहीं, अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जादरान को इंग्लैंड के खिलाफ 177 रनों की शानदार पारी खेलने का फायदा हुआ है। वह 13 स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में शामिल हो गए।

# आईपीएल में इस बार आईसीसी नियमों के अनुसार मिलेगी सजा

**मुम्बई ( एजेंसी )।**




अगले माह होने वाले आईपीएल 2025 में अनुशासन तोड़ना अब खिलाड़ियों को भारी पड़ेगा। इस बार टीमों में काफी बदलाव भी देखने को मिलेगा। कई टीमों ने कप्तान तक बदले हैं। पिछली बार की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कप्तानी जबकि पिछली बार दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे आईपीएल प्रबंधन ने मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन से जुड़े कई नियम अब पहले से अधिक सख्त कर दिए गए हैं। अब आईपीएल में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जाएगा। गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में ये अहम फैसला लिया गया। इसके तहत लेवल 1,2 और 3 के उल्लंघन पर खिलाड़ियों को आईसीसी के नियमों के मुताबिक सजा दी जाएगी। पहले लीग के अपने नियम होते थे, लेकिन अब आईसीसी द्वारा निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया जाएगा। आईपीएल 2025 सीजन का आगाज 21 मार्च से होगा। यानी इस दिन टूर्नामेंट का ओपनिंग मुकाबला खेला जाएगा जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### रैम्प योजना के तहत 40 महिला उद्यमियों का 6 मार्च से दो दिवसीय हैदराबाद दौरा

भोपाल। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार की 'रैम्प योजना' के तहत मध्यप्रदेश की 40 मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी महिला उद्यमियों को हैदराबाद में 6 से 8 मार्च तक एक्सपोज़र विजिट पर भेजने की महत्वपूर्ण पहल की गयी है। मध्यप्रदेश के एमएसएमई विभाग का लघु उद्योग निगम इस महत्वपूर्ण दौरे में नोडल एजेंसी के रूप में साथ रहेगा। इस दौरे में महिला उद्यमी 'फिक्की फ्लो इंडस्ट्रियल पार्क' और 'वी-हब' जैसे महिला औद्योगिक पार्कों का दौरा करेंगी और उन्नत कार्यप्रणाली, नवीनतम तकनीकों और उन्नत कार्य के नवीनतम तौर-तरीकों को करीब से देख और समझ सकेंगी। माना जा रहा है कि महिला उद्यमी को अपने उद्यम के उन्नयन मे सहायता मिलेगी। इस दौरान प्रदेश की महिला उद्यमी देश की प्रतिष्ठित महिला उद्योगपतियों से भी मिलेंगी और अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए उनसे संवाद कर सकेंगी। इन महिला उद्यमियों का चयन प्रदेश के जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रों के द्वारा किया गया है। यह 40 सदस्यीय दल 6 मार्च को भोपाल एवं इंदौर से विमान द्वारा हैदराबाद रवाना होगा। इस यात्रा का उद्देश्य महिला उद्यमियों को सफल महिला उद्यमियों से मिलने, उनके अनुभवों से सीखने और अपने व्यापार में नए विचार और तकनीक अपनाने के अवसर प्रदान करना है। पहले दिन हैदराबाद में सफल महिला उद्यमियों द्वारा अपने संघर्ष, उद्यमिता विकास और व्यवसाय में अपनाए गए नए तरीकों की जानकारी दी जाएगी। अगले दिन 7 मार्च को महिला उद्यमी 'फिक्की फ्लो इंडस्ट्रियल पार्क' और 'वी-हब' का दौरा करेंगी, जहां वे देश की चार प्रमुख महिला उद्यमियों के उद्योगों का अवलोकन करेंगी।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वनपाल रश्मि बान ने कायम की एक मिसाल

**भोपाल।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण चुनौतियों से भरा हुआ है। टाइगर रिजर्व में पदस्थ कार्यवाहक वनपाल रश्मि बान ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मिसाल कायम की है। उन्होंने हर चुनौती का सामना करते हुए जंगल की अवैध कटाई, वन्य-जीवों के शिकार और पर्यावरण से जुड़े अन्य अपराधों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वनपाल रश्मि बान ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर वन और वन्य-जीव संरक्षण से जुड़े कई अभियानों का नेतृत्व किया। इससे जंगलों की सुरक्षा को मजबूती मिली है। रश्मि बान के प्रयासों से न केवल अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, बल्कि स्थानीय समुदायों में भी जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने वन संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिये विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भागीदारी की है। वनपाल रश्मि बान ने ग्रामीणों और वन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर वन में निवास करने वाले वनवासियों की पुनर्वास परियोजना को सफलतापूर्वक लागू करने में अहम भूमिका निभाई है। इससे जंगलों का पुनर्निर्माण संभव हो सका है। रश्मि बान की मेहनत का नतीजा यह रहा कि कई वन क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर रोक लगी और वन्य-जीवों को सुरक्षित माहौल भी मिला।

### बिजली कंपनियों में रिक्त 2573 पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 20 मार्च से

**भोपाल।** ऊर्जा विभाग के अधीन तीनों बिजली वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी, जनरेशन कंपनी और पॉवर मैनेजमेंट कंपनी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त 2573 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा कार्यक्रम 20 से 30 मार्च तक घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, सागर में होगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इन भर्तियों से बिजली वितरण, जनरेशन, ट्रांसमिशन कार्यों के अलावा कार्यालयीन व्यवस्थाओं में काफी आसानी होगी। ऊर्जा विभाग में भर्ती के लिए नोडल कंपनी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि लॉ असिस्टेंट, असिस्टेंट लॉ ऑफिसर के लिए परीक्षा 20 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे, स्टोर असिस्टेंट, ड्रेसर, फायर मैन, जूनियर स्टेनोग्राफर, सिक्योरिटी गार्ड के लिए दोपहर 1 से 3 और जूनियर इंजीनियर मैकेनिकल प्लांट के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। ऑफिस असिस्टेंट ग्रेड 3 के लिए 21 मार्च को तीन सत्रों में सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक, जूनियर इंजीनियर सिविल के लिए 22 मार्च सुबह 9 से 11, प्लांट असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल दोपहर 1 से 3, प्लांट असिस्टेंट मैकेनिकल शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अतिथि देवो भवः के भाव को किया चरितार्थ

## समिट के लंच-डिनर सेशन ने देश-विदेश के प्रतिनिधियों को किया आकर्षित



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के पर्यटन व संस्कृति पर केंद्रित सत्र में कहा था कि मेले का मतलब है मेल-जोल बढ़ाना और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट, उद्योगपतियों-निवेशकों-उद्यमियों और सरकार व प्रदेशवासियों के बीच मेल-जोल बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। भोपाल में पहली बार आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश दुनिया के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक, यंग इन्नोवेटर, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुसार निवेश के इस महाकुंभ में पधार रहे सभी अतिथियों का स्वागत-सत्कार, भारतीय संस्कृति के 'अतिथि देवो भव' का भाव जीआईएस में साकार हुआ। उनका विचार था कि यह आयोजन परस्पर मेल-जोल, सद्भावना और सुखद अनुभूति के साथ हो और समिट की सुमधुर स्मृतियां, लंबे चलने वाले संबंधों का आधार बनें। अतः इस वैश्विक आयोजन में अतिथियों के आवागमन-आवास और भोजन की व्यवस्था के प्रति आरंभ से ही विशेष संवेदनशीलता रही।

वैश्विक सम्मेलन में, विविधता से भरे हमारे देश के विभिन्न भागों के साथ-साथ दुनिया के लगभग 60 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। भोजन, सभी की मूल आवश्यकता है, परंतु अलग-अलग सामाजिक -सांस्कृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण भोजन के लिए लोगों की आदतें, रुचियां और आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं। विभिन्न क्षेत्रों से आए इन विशिष्ट जन के लिए भोजन की व्यवस्था एक चुनौती थी। विविधता भरे समागम में सभी के स्वाद और संतुष्टि के अनुरूप भोजन की व्यवस्था करना, एक प्रकार से अपनी दक्षता का प्रमाण देने जैसा था।

भोजन हमारी संपन्नता- सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध विरासत को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। यह माना जाता है कि भोजन में लोगों को जोड़ने की अद्भुत क्षमता है। अच्छे स्वाद-सुगंध-स्पर्श और आकर्षक प्रस्तुतिकरण से भोजन की यह क्षमता और बढ़ जाती है। देश के दिल में बसे मध्यप्रदेश का भोजन, नए बदलावों को समरसता के साथ आत्मसात करने का प्रतीक है। स्वरुचि भोज परस्पर सौहार्द्र पैदा करने की सामर्थ्य रखते हैं। ग्लोबल समिट के लंच डिनर सेशन, प्रदेश की संपन्नता और आत्मीय तथा सर्व समावेशी व्यवहार के प्रकटीकरण का माध्यम बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिए गए भोज देश-विदेश के उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश के करीब लाने और उनमें राज्य के प्रति रुचि विकसित करने तथा परस्पर मेल-जोल बढ़ाने में सफल रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया एवं आयोग सदस्यों ने की भेंट



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज शाम मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के दौरे पर आए 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का आत्मीयता से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया, सदस्य अजय नारायण झा, श्रीसुएनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, सचिव ऋत्विक पांडे और संयुक्त सचिव के.के. मिश्रा ने भेंट कर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों को अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल, राज्य मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# एम.पी. ट्रांसको ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिये प्रतिष्ठित 11वें गवर्नेंस-नाउ पी.एस.यू. अवार्ड से पुरस्कृत




**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) को अपने ट्रांसमिशन नेटवर्क में ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिये राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित 11वें गवर्नेंस-नाउ पी.एस.यू. अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है।

देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू.) के प्रभावशाली योगदान को मान्यता देने के लिए समर्पित यह पुरस्कार मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) को ऑपरेशनल एक्सीलेंस-''ऑटोमेशन एंड डिजीटल टेक्नॉलाजी'' केटेगरी में नवाचार एवं अत्याधुनिक तकनीकों के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिये प्रदान किया गया है। दिल्ली में एम.पी. ट्रांसको को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत सरकार के मानव संसाधन विकास और जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प मंत्रालय के पूर्व राज्य मंत्री सत्यपाल सिंह ने प्रदान किया, जिसे मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़ ने प्राप्त किया।

### ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन से सघन पेट्रोलिंग करने वाला देश का शुरूआती राज्य

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता आर.एस. बघेल के विशिष्ट प्रयासों से ट्रांसमिशन लाइनों की ड्रोन से सघन पेट्रोलिंग करने वाला देश का शुरूआती राज्य है। मध्यप्रदेश के इस मॉडल को देश की अन्य विद्युत यूटिलिटी ने भी अपनाया। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने ड्रोन पेट्रोलिंग से प्राप्त डाटा का व्यापक विश्लेषण एवं अन्वेषण कर ट्रांसमिशन लाइनों का मेंटेनेन्स सटीकता से किया, जिससे एम.पी. ट्रांसको की लाइनों के ब्रेकडाउन में कमी लाई जा सकी है।

# बिजली कंपनियों में रिक्त 2573 पदों की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 20 मार्च से

**जबलपुर।** ऊर्जा विभाग के अधीन तीनों बिजली वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी, जनरेशन कंपनी और पॉवर मैनेजमेंट कंपनी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त 2573 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा कार्यक्रम 20 से 30 मार्च तक घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, सागर में होगी।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इन भर्तियों से बिजली वितरण, जनरेशन, ट्रांसमिशन कार्यों के अलावा कार्यालयीन व्यवस्थाओं में काफी आसानी होगी। ऊर्जा विभाग में भर्ती के लिए नोडल कंपनी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध संचालक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि लॉ असिस्टेंट, असिस्टेंट लॉ ऑफिसर के लिए परीक्षा 20 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे, स्टोर असिस्टेंट, ड्रेसर, फायर मैन, जूनियर स्टेनोग्राफर, सिक्योरिटी गार्ड के लिए दोपहर 1 से 3 और जूनियर इंजीनियर मैकेनिकल प्लांट के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। ऑफिस असिस्टेंट ग्रेड 3 के लिए 21 मार्च को तीन सत्रों में सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक, जूनियर इंजीनियर सिविल के लिए 22 मार्च सुबह 9 से 11, प्लांट असिस्टेंट इलेक्ट्रिकल दोपहर 1 से 3, प्लांट असिस्टेंट मैकेनिकल शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। इसी तरह असिस्टेंट मैनेजर एचआर, सिक्योरिटी सब इंस्पेक्टर के लिए 23 मार्च सुबह 9 से 11, असिस्टेंट मैनेजर आईटी, सिविल अटेंडेंट व रेडियोग्राफर के लिए दोपहर 1 से 3, लेब टेक्निशियन के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी।

ईसीजी टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, पब्लिसिटी ऑफिसर के लिए 24 को 9 से 11, एएनएम, स्टॉफ नर्स, प्रोग्रामर, वेलफेयर असिस्टेंट के लिए दोपहर 1 से 3 बजे तक, जूनियर इंजीनियर इलेक्ट्रॉनिक्स (प्लांट) के लिए शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी। लाइन अटेंडेंट के लिए 26 से 29 मार्च 4 दिन सुबह 9 से 11, दोपहर 1 से 3 और शाम 5 से 7 तक परीक्षा होगी।

# कृष्णा गौर ने किया मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण

## विभिन्न विकास कार्यों का भी किया लोकार्पण और भूमि-पूजन



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि निरोगी काया भगवान का सबसे बड़ा आशीर्वाद है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर निर्मल पैलेस अवधपुरी में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। क्लिनिक की लागत लगभग 23 लाख रुपए है। क्लीनिक का निर्माण निरोगी काया अभियान के तहत किया गया है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि क्लीनिक पर मरीजों के लिए डायबिटीज, खून और ब्लड प्रेशर आदि की जांच की सुविधा उपलब्ध होगी।

### 38 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का हुआ भूमि-पूजन

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर ने वार्ड 61 के रामजानकी मंदिर पार्क अवधपुरी में 7 लाख रूपये के स्लेव एवं प्लेटफार्म, अवधपुरी के टैगोर नगर, भावना परिसर फेज-1 में 4 लाख रुपए के सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड 61 के इंदिरा नगर में 17 लाख रुपए लागत का सीवेज नेटवर्क कार्य तथा अवधपुरी के गोपाल नगर बी-सेक्टर में 10 लाख रुपए लागत के सीसी रोड के निर्माण का भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती मधु शिवनानी, वी शक्ति राव, संजय शिवनानी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धोटे, गणेश राम नागर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# 5 सालों से कछुआ गति से चल रही जांच पर सवाल

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित आजीविका मिशन में हुए फर्जी भर्ती घोटाले एवं 50 करोड़ के लगभग फर्जी बीमा करने के मामले में तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी ललित बेलवाल पर एफआईआर हो गई है। लेकिन आजीविका मिशन के भ्रष्टाचार का हाई प्रोफाइल मामला लगातार उजागर होने के बावजूद भी आजीविका मिशन के अलग-अलग कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की जांच नहीं कराया जाना शंका को जन्म दे रहा है।

बेलवाल पर एफआईआर करके ईओडब्लू और सरकार ने अपनी पीठ थपथपाई लेकिन श्रह्ड्ड मेंकी जांच इतनी धीमी गति से चल रही है कि शायद आरोपियों को सजा भी मिलना मुश्किल है।ईओडब्ल्यू द्वारा जिन शिकायतों की जांच की जा रही है वह 5 वर्ष पूर्व की गई थी। लेकिन मध्य प्रदेश में जांच एजेंसियां किस कदर भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही शिकायतों का मजाक बनाती है यह किसी से छुपा नहीं है। जिसका नतीजा यह है कि मध्य प्रदेश में लगातार भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और जांच एजेंसियां बड़े भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में लगी हुई है। मध्य प्रदेश की तेज तर्रार आईएएस नेहा मारव्या द्वारा जिस सुषमा शुक्ला की फर्जी भर्ती की जांच की गई और उसे दोषी पाया गया। उस महिला संविदा अधिकारी जो राज्य परियोजना प्रबंधक है को जांच रिपोर्ट आने के तीन वर्ष हो जाने के बावजूद भी संविदा सेवा समाप्त नहीं की गई।

**बेलबाल पर एफआईआर, सुषमा शुक्ला को क्लीनचिट देने की कोशिश**

जबकि संविदा नियम के अनुरूप यदि किसी संविदा कर्मचारियों का किसी भी अनिमितता या भ्रष्टाचार में दोष साबित होता है,तो उसे जांच उपरांत उसकी संविदा खत्म करने का नियम है।

इस नियम के आधार पर आजीविका मिशन में 100 के लगभग संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त की गई। लेकिन पंचायत विभाग के मुखिया सुषमा रानी शुक्ला पर इतनी मेहरबान क्यों यह समझ के परे है।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश में पचास हजार के लगभग स्व सहायता समूह फर्जी बनाए गए हैं।

इन समूह का गठन का कार्य सुषमा रानी शुक्ला के द्वारा ही किया जाता था। अगर इन फर्जी समूहो को दी गई आरएफ, सीआईएफ ओर अन्य राशि की भी गंभीरता से जांच कर ली जाए तो मध्य प्रदेश में लगभग 500 करोड़ के उपर फर्जी समूह घोटाले का पर्दाफाश हो जाएगा। लेकिन जब सरकार में बैठे कुछ लोग सुषमा रानी शुक्ला को बचाने में लगे हुए हैं तो भ्रष्चाचार उजागर करने में अधिकारी और कर्मचारी भी निष्पक्षता से जांच करेंगे ऐसा इसमें संदेह ही है।

# धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने ITB बर्लिन में मध्यप्रदेश पर्यटन के पवेलियन किया शुभारंभ

## पर्यटन किसी भी राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की रीढ़: लोधी



**भोपाल।** पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि पर्यटन किसी भी राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की रीढ़ है। वर्तमान में पर्यटन उद्योग वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पर्यटन अधोसंरचनाओं के निर्माण और पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए सतत प्रयास किए जा रहे है। राज्य मंत्री लोधी ने ITB बर्लिन 2025 में भारत पवेलियन और मध्यप्रदेश पवेलियन का भव्य शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जर्मनी में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते, अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड सुबिदिशा मुखर्जी भी उपस्थित रही। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि ITB बर्लिन पर्यटन उद्योग के लिए एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग और व्यापार मंच है, जो विगत 60 वर्षों से विश्व पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है।

राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश के पर्यटन को ढ्ढञ्जक्च बर्लिन में वैश्विक बढ़ावा मिलेगा। मध्यप्रदेश, अपनी प्राकृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और धार्मिक संपदा के लिए प्रसिद्ध है। 8 टाइगर रिज़र्व, 12 राष्ट्रीय उद्यान, और 25 से अधिक वन्यजीव अभयारण्य इसे देश का टाइगर स्टेट बनाते हैं।

### वैश्विक पर्यटन कंपनियों के साथ संवाद

राज्यमंत्री लोधी ने इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवल टूर ऑपरेटर्स, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के प्रतिनिधियों और विभिन्न देशों के पर्यटन अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने मध्यप्रदेश की पर्यटन नीति और निवेश के अवसरों पर चर्चा करते हुए, सभी को मध्यप्रदेश आने और प्रदेश में पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया। ITB बर्लिन में भागीदारी से मध्यप्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत स्थान मिलेगा। इस आयोजन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने, पर्यटन निवेश को बढ़ावा देने और प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर मिला है।

# तेज हवाओं ने चार डिग्री तक लुढ़का पारा, ऐसा ही रहेगा मौसम



मध्य स्वर्णिम


**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जहां अभी तक तापमान लगातार बढ़ रहा था वहीं अब तेज हवाओं की वजह से तापमान में चार डिग्री तक गिरावट देखी गई है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में दिन के तापमान में 4.2 डिग्री तक की गिरावट हुई है।

मंगलवार को हवा की रफ्तार 10 से 12द्व प्रतिघंटा तक रही। ऐसा ही मौसम बुधवार को भी रहेगा। इसके बाद दिन के पारे में फिर से 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो जाएगी। मौसम विभाग के के अनुसार वर्तमान में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस पाकिस्तान के पास एक्टिव है। टर्फ भी गुजर रहा है। इस वजह से हवा चल रही है और प्रदेश के पारे में गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले एक-दो दिन तक ऐसा ही मौसम बन रहेगा इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 9 मार्च से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। ऐसा होने पर दो दिन बाद प्रदेश में भी असर देखने को मिल सकता है। हालांकि, बारिश होने के अभी आसार नहीं है।

मंगलवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। ज्यादातर शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई है। पचमढ़ी में पारा 27.5 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि खरगोन में 35.6 डिग्री, खंडवा में 35.1 डिग्री, नर्मदापुरम में 34.5 डिग्री, मंडला में 34 डिग्री, मलाजखंड में 33.5 डिग्री, रतलाम-उमरिया में 33.2 डिग्री और दमोह में पारा 33 डिग्री दर्ज किया गया।

# कार से हूटर निकालने के आदेश जारी

## निजी वाहनों पर अनधिकृत हूटर, वीआईपी स्टीकर लगाया तो अब खैर नहीं, पुलिस का सख्त प्लान



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** प्रदेश में मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन कर निजी वाहनों में हूटर, फ्लैश लाइट और वीआईपी स्टीकर का दुरुपयोग लगातार बढ़ रहा है। इसे रोकने के लिए 1 मार्च से 15 मार्च 2025 तक 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और उल्लंघनकर्ताओं पर सख्त दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल, पीटीआरआई के उप पुलिस महानिरीक्षक तुषर कांत विद्यार्थी ने भोपाल-इंदौर के पुलिस कमिश्नर, सभी पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। इस पत्र में बताया गया है कि कुछ दिन पहले एक जिले में वीआईपी भ्रमण के दौरान एक अनधिकृत वाहन पकड़ा गया था, जिस पर बीएनएस और मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह की सख्त कार्रवाई पूरे प्रदेश में किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। बता दें इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने हाल ही में वाहनों पर अवैध तरके से हूटर लगाने और उसके दुरुपयोग का मुद्दा उठाया था।